तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 27 मार्च 2025

12 हाई सिक्योरिटी नंबर में लिंक हो रहा चालकों का मोबाइल नंबर




13 मां कर्मा के त्याग व मानव सेवा से लें सीख: ताम्रध्वज





## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर कुत्ते का पैर बांध फेंका, कटा

**भिलाई।** कुत्ते का पैर बांधकर रेलवे ट्रैक पर फेकने का मामला सामने आया है। घटना खुर्सीपार क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 22 मार्च को कुछ अज्ञात लोगों ने बेजुबान कुत्ते को पकड़कर उसके पैर को रस्सी से बांध कर रेलवे ट्रैक की ओर लेकर गए। जहां कुत्ते को ट्रैक के बीच में सुला दिया। जैसे ही वहां से ट्रेन गुजरी कुत्ता दो टुकड़ों में कट गया। पीपुल्स फॉर एनिमल को जैसे ही जानकारी हुई उनके सदस्य रेलवे ट्रैक में पहुंचे। कुत्ते की बॉडी को बोरे भरकर थाने पहुंचे। अज्ञात के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### गार्डन से बाइक पार

**भिलाई।** गार्डन में खड़ी बाइक को अज्ञात ने पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पाण्डुका खैरागढ़ निवासी अजय वर्मा चन्दुलाल चन्द्राकर मेडिकल कालेज कचांदुर से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। 24 मार्च की दोपहर 12.30 बजे अपनी बाइक से दोस्त के साथ सुनीति उद्यान सेक्टर 8 घूमने आया हुआ था। बाइक को गार्डन के बाहर रखकर गार्डन के भीतर प्रवेश किया। गार्डन घूमने के बाद जब वापस लौटे तक उसकी बाइक जगह पर नहीं थी। आसपास खोजबीन करने के बाद शिकायत पुलिस में किया।

### चमकाने के नाम पर तीन लाख के जेवर पार

**भिलाई।** सोना चांदी के जेवरात चमकाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 3(5), 305(ए), 318(4, 332 (सी) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 36 गंजपारा दुर्ग निवासी रीना खंडेलवाल के यहां 25 मार्च की सुबह अज्ञात दो व्यक्ति पहुंचे और महिला को पाउडर से घर का बर्तन साफ कर चमकाने का झांसा दिया। इस दौरान सोना चांदी भी साफ करने की बात कहते हुए व्यक्तियों ने महिला के कीचन तक प्रवेश किया।उसके बाद महिला को सोने का कंगन साफ करने अज्ञात को दिया गया। अज्ञात ने टिफिन डब्बा में जेवरात को रख कर गैस में गर्म किया जा रहा था। जिसमें सोने का चैन, कंगन दोनो मे छोटा छोटा डायमंड लगा हुआ था। अज्ञात ने टिफिन के भीतर हाथ डालकर जेवरातों को घूमाया।टिफिन के ढक्कन को अज्ञात ने बंद कर महिला को देकर बाहर निकला। जब तक दोनों व्यक्ति फरार हो गए थे।महिला ने जैसे ही टिफिन को खोला उसके जेवरात गायब मिला। व्यक्तियों को आसपास खोजबीन करने के बाद उनकी जानकारी नहीं मिलने पर शिकायत महिला ने पुलिस से किया है। उक्त जेवरातों की कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है।

# टैक्स नहीं बढ़ेगा, सफाई पर ज्यादा व्यय, वास्तविक खर्च मूल आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई का वर्ष 2025-26 का बजट बैठक सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित किया गया है। इस बैठक में प्रस्तुत बजट पर चर्चा की जाएगी। आयुक्त राजीव पांडेय द्वारा एमआईसी में प्रस्तुत बजट के हिसाब से इस बार 513 करोड़ 41 लाख रुपए खर्च और 659 करोड़ 53 लाख रुपए आय का बजट पेश किया गया था। इस हिसाब से 146 करोड़ 11 लाख रुपए आय का बजट पेश किया गया है। जिसे एमआईसी ने मंजूरी दे दी थी। उसके बाद पार्षदों से भी सुझाव लिए गए हैं। जिससे बजट संशोधित हो सकता है। इस बार के बजट में जनता पर टैक्स नहीं बढ़ाया जाना है। सफाई पर और ज्यादा खर्च करेंगे। उद्यानों का खर्च कम कर रहे हैं। पूरा बजट वास्तविकता पर आधारित तैयार किया गया है।

## भिलाई निगम का बजट आज

### उद्यानों का बजट इस बार कम

सूत्रों के मुताबिक भिलाई निगम के बजट में उद्यानों पर हो रहे खर्चे इस बार कम किए गए हैं। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 में14.55 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया था। इस बार वर्ष 2025-26 में महज 1.79 करोड़ रूपए किया गया है। इस हिसाब से 13 करोड़ रुपए उद्यानों के खर्च कम कर लिया गया है।

### सफाई व स्ट्रीट लाइट का खर्च बढ़ेगा

भिलाई निगम के बजट में इस बार शहर की सफाई और स्ट्रीट लाइट पर खर्च बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 के बजट में शहर सफाई पर बजट करीब 4 गुणा बढ़या गया था। इस बार भी सफाई का खर्च 57.60 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 65.45 करोड़ रुपए किया गया है।इसी तरह स्ट्रीट लाईट पर 11.75 करोड़ से बढ़ाकर 16.65 करोड़ किया गया है।

### इन मदों पर की जा सकती है कटौती



भिलाई निगम के बजट में लोक स्वास्थ्य सुविधाएं, पर्यावरण संरक्षण, उद्यानों का सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण जैसे मदों में पिछले साल की अपेक्षा कम किया जा सकता है। पीडब्लयूडी, सड़क निर्माण और मरम्मत के मदों में भी कटौती की जा रही है। कई तरह की योजनाएं जो कांग्रेस शासनकाल में प्रांरभ करने की बनाई गई थी उसे अब हासिए में डाल दिया गया है। जिन कार्यों को राज्य सरकार आसानी से मंजूरी दे उन पर ध्यान केंद्रित बजट है।

### पक्ष व विपक्ष में सहमति का बजट

भिलाई निगम का बजट वास्तविकता और जनभावनाओं के अनुरूप हो सकता है। इस स्थिति में पक्ष और विपक्ष की आपसी सहमति भी बजट की चर्चा में देखा जा सकता है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है और बड़ी योजनाओं का फंड भी वहीं से ही आना है। जिसकी वजह से शहर सरकार कांग्रेस सत्ता में होने के बाद भी विपक्षी भूमिका को साथ लेकर चल सकता है।

महादेव सट्टा : आईपीएस, एएसपी, आरक्षको पूर्व उप सचिव और ओएसडी के यहां भी कार्रवाई

# पूर्व सीएम भूपेश व विधायक देवेंद्र के घर सीबीआई का छापा, समर्थकों ने किया जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा को लेकर सीबीआई की टीम ने भिलाई दुर्ग में 10 जगहों पर दबिश दिया है। टीम बुधवार की सुबह दर्जन भर से अधिक सीबीआई के अधिकारी पहुंचे थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेन्द्र यादव और आईपीएस अभिषेक पल्लव, एएसपी संजय ध्रुव समेत कई के मकानों में सीबीआई ने दबिश दिया है। इस्पात नगरी में सीबीआई की टीम की खबर लगने पर माहौल सनसनी हो गया। जैसे ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल और विधायक देवेन्द्र यादव के समर्थकों को जानकारी हुई दोनों के बंगले में भीड़ इकठ्ठा होना शुरु हो गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भूपेश बघेल के निवास के बाहर समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। सीबीआई ने पुलिस अधिकारियों समेत दो आरक्षकों के घर पर भी दबिश की कार्रवाई हुई है। दबिश महादेव सट्टा एप के रकम लेनदेन का मामला है। मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई की अलग-अलग टीमें बुधवार को भिलाई-दुर्ग के लिए निकली। एक टीम पदुमनगर भिलाई तीन पूर्व सीएम निवास फिर विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5, आईपीएस अभिषेक पल्लव के बंगले पहुंची। इसके अलावा टीम ने महादेव सट्टा चलाने वाले सिपाही नकुल और सहदेव के नेहरू नगर स्थित मकान में भी एक एक टीम पहुंचीं। सीबीआई की टीम ने अभिषेक पल्लव के दुर्ग एसपी रहने के दौरान एएसपी शहर के पद पर पदस्थ रहे संजय ध्रुव, केपीएस नेहरू नगर के संचालक निशांत त्रिपाठी, पूर्व सीएम के ओएसडी मनीष बंछोर के भिलाई तीन निवासी में भी दबिश दिया है। इसके अलावा क्राइम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक पूर्ण बहादुर काकड़ी, भिलाई नगर थाना में तैनात सेक्टर-8 निवास सहायक उप निरीक्षक समित मिश्रा के यहां भी टीम पहुंची थी।

इससे पूर्व 10 मार्च को ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के यहां पहुंची थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सीबीआई के दबिश की भनक लगते ही कांग्रेस के नेता और उनके समर्थकों की भीड़ निवास के बाहर जुटने लगी। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा,ब्लाक अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, कांग्रेस नेता सुजीत बघेल, धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पार्षद संतोष तिवारी, वेंकट रमना, मोहन साहू, भूपेंद्र कुमार, लावेश मदनकर, उमेश बघेल, युवा कांग्रेस नेता अशफाक अहमद समेत कांग्रेसी मौजूद थे।



पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के भिलाई-3 स्थित निवास में समर्थकों ने इस तरह किया विरोध

### पुलिस और समर्थकों में झड़प भी

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बंगाले में पुलिस ने सामने बेरिकेट लगाकर किसी को आने जाने नहीं दिया जा रहा था। इस दौरान कांग्रेसी समर्थक बेरिकेट हटाकर आने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर पुलिस और समर्थकों में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। काफी समझाने के बाद दोनों पक्ष शांत हो गए। इस दौरान नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा पूर्व पार्षद लावेश मदनकर और जामुल प्रभारी कपिल देव पाण्डेय के मध्य जमकर विवाद हुआ। कांग्रेसियों ने आकर मामला को शांत किया। लावेश का आरोप था कि पुलिस वाले घर जाने नहीं दे रहे थे। पूर्व पार्षद का मकान भूपेश बघेल के घर के पास ही है। लेकिन पुलिस वाले किसी न सुनते हुए पूर्व पार्षद को रोक दिया। इसी बात को लेकर करीब 20 मिनट तक दोनों में विवाद होता रहा।

### विधायक की मां ने किया कार्रवाई का विरोध

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बिहार व दिल्ली प्रवास पर हैं। उनके बंगले पर नहीं होने का हवाला देकर उनकी मां ने सीबीआई की कार्रवाई का विरोध किया। करीब घंटे भर तक टीम को अंदर जाने नहीं दिया। टीम ने विधायक की मां को समझाइश दी, जिसके बाद सीबीआई ने बंगले के भीतर प्रवेश कर कार्रवाई शुरू किया। समर्थक आदित्य सिंह, शरद मिश्रा, सुमीत पवार आदि को जानकारी लगने पर बंगले के बाहर आकर खडे रहे।बंगले के बाहर जमकर हंगामा किया गया। वहीं पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर के मकान घर ताला तोड़कर सीबीआई की टीम ने अंदर प्रवेश किया। मनीष बंछोर अपने परिवार के साथ बाहर घूमने गए हुए हैं। मनीष के यहां भी टीम पहुंची और मकान को खोलकर सारे दस्तावेजों को खंगाले गए।



विधायक देवेंद्र की मां सीबीआई अफसरों से अपील करती हुई

### महादेव सट्टा का खुलासा दुर्ग से ऐसे हुआ

महादेव सट्टा मामले में प्रदेश में 70 से ज्यादा मामला दर्ज हैं। इसमें 300 से ज्यादा आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और 3 हजार से ज्यादा खाते मिले हैं। जिसे ब्लॉक कराया जा रहा है। इन खातों में करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। प्रदेश में पहला मामला 31 मार्च 2022 को मोहन नगर पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। इसमें पहली गिरफ्तारी दुर्ग के आलोक सिंह, खड्ग सिंह,राम प्रवेश साहू की हुई थी। तीनों से पूछताछ, मोबाइल की जांच के दौरान महादेव सट्टा बुक का खुलासा हुआ। उसके बाद सुपेला, फिर जुलाई में रायपुर के तेलीबांधा में केस दर्ज किया गया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ था कि भिलाई में जूस सेंटर चलाने वाला सौरभ चंद्राकर महादेव सट्टा का किंग है। वह अपने दोस्त रवि उप्पल, कारोबारी अनिल अग्रवाल के साथ मिलकर दुबई से ऑनलाइन सट्टा चला रहा है। इसमें कई सराफा, सरिया, कपड़ा, मोबाइल कारोबारियों का पैसा लगा है।

# नॉन इंटरलाकिंग का कार्य दुर्ग-नवतनवा रहेगी रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर के लखनऊ रेल मंडल के अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन गोरखपुर केंट के बीच तीसरी रेलवे लाइन को गोरखपुर स्टेशन से जोड़ने का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा । इस कार्य के लिए चार यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । यह कार्य 27 मार्च से 26 अप्रैल तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी ।

### रद्द होने वाली गाडियां


24 अप्रैल एवं 1 मई, को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

26 अप्रैल एवं 3 मई, को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

25 अप्रैल एवं 3 मई, को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

27 अप्रैल एवं 5 मई, को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

# टैक्स जमा नहीं करने पर दो को कुर्की नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम ने टैक्स जमा नहीं करने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। दो बड़े बकायादारों को कुर्की का नोटिस जारी किया है। वहीं

नगर पालिक निगम के नागरिक अब घर बैठे टैक्स जमा कर सकते है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने लिंक का प्रचार-प्रसार करते नागरिकों से

- **अधिभार और पेनाल्टी से बचने घर बैठे टैक्स पटाने की सुविधा**

अधिभार और पेनाल्टी से बचने की अपील की है। उन्होंने कर वसूली विभाग को निर्देश दिए है कि बकायादारों पर सख्ती बरता जाए।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से कहा है कि इस वित्तीय वर्ष का टैक्स 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करे। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर कुल कर राशि में 18 प्रतिशत अधिभार जमा करना होगा। साथ ही 1000 पेनाल्टी अलग से देना होगा। आयुक्त ने घर बैठे टैक्स जमा करने की सुविधा के बारे में बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजी सूडा डॉट कॉम में जाते ही नगर पालिक निगम रिसाली का साइड खुलेगा। इसकी मदद से करदाता को कार्यालय न आकर वे टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकते है। नागरिकों को सुविधा देने रिसाली के सभी पार्षदों को लिंक उपलब्ध कराया गया है।

### इन दो के खिलाफ नोटिस

रिसाली निगम ने दो ऐसे बकायादारों के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी किया है जो लंबे समय से कर जमा नहीं कर रहे है। इसमें बिल्डर नवीन सिंह और मैरिज पैलेस द मार्क शामिल है। सम्पत्तिकर विभाग के राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि 31 मार्च तक कर जमा नहीं करने कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

### अवकाश के दिन खुला रहेगा काउंटर

राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि रिसाली निगम का काउंटर 31 मार्च तक नियमित रूप से खुला रहेगा। अवकाश के दिन भी नागरिक कार्यालय पहुंचकर टैक्स की राशि जमा कर सकते है।

निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया आयुक्त ने

# हाउसिंग बोर्ड में सांसद निधि एवं अधोसंरचना मद के अस्सी लाख से हो रहे हैं निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में ओम शांति ओम चौंक से लेकर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी चौंक तक सड़क सीमेंटीकरण का कार्य सांसद निधि से किया जा रहा है। एक अच्छी व्यवस्थित सड़क की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय द्वारा अपने सांसद मद से सड़क सीमेंटीकरण हेतु 40 लाख रूपये, सड़क पर विद्युतीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रूपयें की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके गुणवत्ता एवं कार्य की



शीध्रता का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंतागणों के साथ मौके पर पहुंचे। निर्माणाधीन एजेंसी को भी बुलाया गया था, एजेंसी के कर्मचारियो को चल रहे कार्य को समय अवधि में गुणवत्ता को ध्यान में रखकर पूर्ण करने का निर्देश दिए। यह भी चेताया कि निर्माणाधीन सीमेंट की सड़क तभी मजबूत रहेगी, जब उसमें बराबर पानी की तराई की जावें। तराई नहीं होने के कारण सड़क बीच से फट जाता है, मजबूती भी कम हो जाती है। इसके साथ ही सड़क का धार-कोर को भी जांच किया गया। यह भी सही नहीं होने पर जब गाड़ी का पहिया उस पर पड़ता है, तो टूट जाता है।

वार्ड क्रं. 23 घांसीदास नगर में अधोसरंचना मद के 44 लाख की लागत से सड़क सीमेंटीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। वार्ड क्रं. 23 में कुछ निवासियों द्वारा सड़क के ऊपर मलवा डालकर सड़क बाधित किया गया था, उसे जोन राजस्व सहायक अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किए। उसके बाद निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय, एस.एल.आर.एम. सेंटर आदि का भी अवलोकन किए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सुपरवाइजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों में मिलेगा प्रवेश

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 30 मार्च 2025 को महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल एक सरकारी योजना की सफलता का प्रतीक होगा, बल्कि हजारों ग्रामीण परिवारों के सपनों के घर में प्रवेश करने का ऐतिहासिक दिन भी साबित होगा। इस दिन, हिंदू नववर्ष और चैत्र प्रतिपदा (नवरात्रि) के शुभ अवसर पर हजारों ग्रामीण परिवार अपने नवनिर्मित आवासों में प्रवेश करेंगे।

कार्यक्रम ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर दुर्ग, श्री अभिजीत सिंह ने सभी ब्लॉकों में मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं और ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 9203 आवासों की स्वीकृति, 5537 आवासों को पहली किश्त और 4409 आवासों को द्वितीय किश्त मिल चुकी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# ठेकेदारों ने छोड़ा प्यासा, 40 करोड़ के लिए नहीं जोड़ रहे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गांव में टैंकरो के जरिए प्यास बुझाने ग्रामीण मजबूर है। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों ने पाइप लाइन को टंकी के कनेक्शन से ही नही जोड रहे है। जिले में करीब चालीस करोड रूपए का भुगतान अटके होने के कारण ठेकेदारों ने टंकी तक बिछे पाइप लाइन को कनेक्ट नही कर रहे हैं। जिसके कारण गांव में पेयजल के संकट निर्मित हो गए हैं। इस तरह भीषण गर्मी में गांव में हाहाकार की स्थिति निर्मित हैं।

जलजीवन मिशन के तहत कार्य करने वाले ज्यादातर ठेकेदारों ने भुगतान नही मिलने से हाथ खडे कर दिया है। बकायदा जिले के गांव में टंकियां बनने के बाद भी पेयजल की आपूर्ति शुरू नही हो पाई है। पीएचई विभाग के अधिकारी लगातार ठेकेदारों से संपर्क कर रहे है। लेकिन ठेकेदार इस हद तक कठोर हो गए है कि वे पाइपलाइन जोडने को तैयार नही हैं। जानकारी अनुसार जिले में सौ से अधिक ठेकेदार है। जिन्होने जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया हैं। उनके प्रोजेक्ट समाप्त होने के बाद भी भुगतान नही हो रहा है। ऐसे में नाराज ठेकेदारों ने अंतिम कार्य के तहत पाइल ल लाइन जोडने से हाथ खडे कर दिए है।

## जिले के 385 गांव में से डेढ़ सौ से अधिक गांव में टंकियों से सप्लाई नहीं

### बोर के जरिए हो रही सप्लाई

जिले में ठेकेदारों को कार्य के बाद राशि का भुगतान नही होने के कारण वे रूचि नही ले रहे हैं। ऐसे में टंकी से पाइप लाइन जोडने का कार्य ठप हैं। समोदा, नगपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि, टंकी बनाने के बाद सप्लाई शुरू नही की गई हैं। यहां ग्राम पंचायत के पुराने बोरवेल्स से सप्लाई हो रही है। जलजीवन मिशन के तहत अधूरा कार्य कर ठेकेदार गायब हो गए है। इसमें दिक्कत उन ग्रामीणों को आ रही है, जहां उपरी इलाका होने के कारण पानी नही चढ रहा है। उनके द्वारा टंकी से सप्लाई शुरू किए जाने की मांग की जा रही हैं।



### 160 टंकियों का कनेक्शन नहीं जुड़ा

जिले के 385 गांव में मिशन के तहत पेयजल पहुंचाना है। इसमें करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन ठेकेदारो ने टंकी से कनेक्शन नही जोडा हैं। अफसरों का कहना है कि ठेकेदारों की उपस्थिति में ही टंकी का कनेक्शन जोडकर टेस्टिंग कार्य किया जाना हैं। जानकारी अनुसार नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां पाइप लाइन नही बिछी हैं। इस मामले में पीएचई के ईई उत्कर्ष पांडे का कहना हैं कि, शासन को प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही भुगतान होने की संभावना हैं।

## खबर संक्षेप



### सदस्यों ने मंत्री को बताई अस्पताल की समस्याएं

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय दुर्ग के कई वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान जीवनदीप समिति के सदस्यों ने अस्पताल की समस्याओं मंत्री का ध्यान आकर्षण कराया गया। इसी तारतम्य में 10 मेडिकल ऑफिसर, 10 वार्ड बॉय, 10 आया एवं ट्रामा सेंटर संचालन की आवश्यकता की जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य विजय ताम्रकार एवं ऋषि यादव द्वारा मंत्री से की गई। जिस पर मंत्री ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य हो कि ट्रामा सेंटर संचालन एवं 10 मेडिकल ऑफिसर की मांग स्वास्थ मंत्री के विगत कई माह पूर्व भी की गई थी।
फोटो कालेज

### प्राध्यापक व शोधार्थी ने दी विनोद शुक्ल को बधाई



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक एवं शोधार्थी हिन्दी के वरिष्ठ कवि कथाकार उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल से मुलाकात करने शैलेन्द्र नगर रायपुर स्थित उनके आवास पहुंचे। यह भेंट मुलाकात विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा के पश्चात बधाई के रूप में रहा । विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा से राजनांदगाँव रायपुर सहित पूरा छत्तीसगढ़ और देश की हिन्दी बिरादरी गौरवान्वित है । पुरस्कार के लिए उनका चयन करने से ज्ञानपीठ स्वयं सम्मानित हुआ है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के प्रतिनिधियों ने शुक्ल को पुष्पगुच्छ, शाल और श्रीफल से ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने की शुभकामना दे कर उनका अभिनन्दन किया। भेंट मुलाकात में विनोद कुमार शुक्ल की धर्मपत्नी अंजना शुक्ल, वरिष्ठ समीक्षक रचनाकार रमेश अनुपम के साथ हिन्दी विभाग की डॉ. रजनीश उमरे, डॉ, सुबोध देवांगन, डॉ. ओमकुमारी देवाँगन, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थी नीलम, जीतेश्वरी, संग्रामसिंह, कपिल, टेकलाल, निमाई प्रधान, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन चौहान मौजूद थे।

### शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** आल इंडिया यूथ फेडरेशन द्वारा नया बस स्टैंड में शहीद आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहादत दिवस पर फेडरेशन द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर रमेश दास, शहर अध्यक्ष शमीम कुरैशी, उपाध्यक्ष कमलेश निर्मलकर, आरिफ अली, आकाश नजफ, अली बबलू, राजेश आदि मौजूद थे।

## तैयारी : 1 अप्रैल 2019 के पूर्व वाहनों पर लगेगा हाई सिक्योरिटी नंबर

# हाई सिक्योरिटी नंबर में लिंक हो रहा चालकों का मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्घटना के बाद वाहन छोडकर फरार होने पर चालको की अब खैर नही होगी। हाई सिक्योरिटी नंबर देने के साथ ही उसमें वाहन मालिको को मोबाइल नंबर भी लिंक किया जा रहा हैं। इस मोबाइल नंबर के जरिए पलभर में यातायात पुलिस वाहन चालको से संपर्क कर सकेगी। वहीं मोबाइल नंबर में ही चालानी कार्यवाही भी भेजने की तैयारी हैं। मोबाइल नंबर लिंक होने से सेकंड पार्टी की जानकारी मिल जाएगी और बीमा मुआवजा मिलने में आसानी होगी।

जानकारी अनुसार जिले में अब तक 11520 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लग चुका हैं। करीब 1308 प्रकरण होल्ड में है। वही 2726 लोगों ने नंबर लगाने अप्वाइंटमेंट ले रखा हैं। अफसरों ने बताया कि, इसे वेबसाइड में जाकर आनलाइन भी आवेदन कर सकते है। वही दूसरा विकल्प सभी शोरूम में भी दिया गया है। जहां से नंबर लगा सकेगें। उल्लेखनीय हैं कि, राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर आगामी 31 के बाद नंबर नही मिलेगा तो चालानी कार्यवाही होगी, यही नही इसके बिना वाहनों को फिटनेश भी नही होगा। इसके लिए विभाग ने दोपहिया, तीन और चारपहिया सहित हैवी वाहनों के लिए राशि निर्धारित कर दिए गए हैं, वही सभी वाहनों में पन्द्रह फीसदी जीएसटी भी जोडा गया हैं, वही लंबर लगाने सौ रूपए अलग से खर्च करने होगें।

## 31 मार्च 2025 के पहले लगाना अनिवार्य, अप्रैल से कार्रवाई

### इस तरह निर्धारित की गई राशि

हाई सिक्योरिटी नंबर वर्ष 2019 के बाद लगकर आ रही है। लेकिन इससे पहले के वाहनों के लिए दर निर्धारित की गई है, इनमें दोपहिया वाहन के लिए बेसा प्राइस 310 रुपए व जीएसटी 55.80 रुपए कुल 365.80 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 362 व जीएसटी 65.16 कुल 427.16 रुपए, एलएमवी 556 रुपए व जीएसटी 100.08 रुपए कुल 656.08 रुपए और हेवी कमर्शियल 598 व जीएसटी 107.64 रुपए कुल 705.64 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक इंस्टॉलेशन के लिए 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा।




### ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा पंजीयन

आरटीओ अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए दुर्ग में रोसमेर्टा नामक कंपनी को दुर्ग के लिए चयनित किया गया है। कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि, वाहन चालन चाहे तो आनलाइन नंबर ले सकते है। अथवा इसके लिए हीरो, होंडा, टीवीएस सहित अन्य शोरूम को भी चयनित किए गए हैं। जहां नंबर लगाने की सुविधा और भुगतान यहां किया जा सकता हैं। हांलाकि इस नियम को लेकर पिछले दिनों ट्रक यूनियन ने आरटीओ आफिस में विरोध दर्ज कराई थी।

### नंबर बगैर फिटनेस भी नहीं होगा

राज्य शासन के आदेश में साफ हैं कि, बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर के किसी भी वाहनों को फिटनेश नही करना हैं। परिवहन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीयन चिन्ह (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया है। जिला परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, परिवहन विभाग द्वारा इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसमें आनलाइन राशि का भुगतान होगा, वही नंबर प्लेट जारी करने के बाद इसे लगाया जाएगा। विभाग ने अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की अधिकारिक वेबसाईट भी जारी कर दी है।

### अनिवार्य किया गया

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना शासन ने अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2019 के पहले सभी वाहनों में लगाना है। नए में लगकर आ रहे है। अप्रैल से कार्यवाही होगी। इसमें मोबाइल नंबर भी लिंक होगें।
**-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी, दुर्ग

# मुख्तियारनामा बनाकर फौजी के पिता से लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- पुलिस अधीक्षक ने दिए सीएसपी को जांच के निर्देश

अंजोरा निवासी किसान मयाराम यादव पिता जगत राम यादव उम्र 69 वर्ष से मुख्तियारनामा बनाकर लाखों रूपए की धोखाधडी किए जाने का मामला सामने आया है। पीडित किसान ने अपनी जमीन को धोखे से बेचे जाने पर रोक लगाने आवेदन दिया हैं। वही बोरी थाने में पीडित ने विगत तेरह मार्च को आवेदन दिया है। इसके पहले एसपी जितेन्द्र शुक्ला को आवेदन दिया था। जिस पर उन्होने सीएसपी को जांच के निर्देश दिए थे।

आवेदन ने शिकायत में लिखा है कि, 17 जनवरी 2025 को मुख्य रूप से षडयंत्रकारी शंकर चौहान आ. हवासिंह चौहान निवासी कोष्टा पारा तिलई (गोंडगिरी) जिला बेमेतरा जाति चौहान, आधार नंबर- 2788 6693 8307 तथा नं. 01 दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. आधार नंबर- 200497197350 तथा बुधारू आ० सोनूराम यादव निवासी-मकान नं. 108 वार्ड नं. 09 दमोदा बोरई आधार नं. 3581 1034 3400 के द्वारा मुझे 17 जनवरी 2025 को धोखागडी कर मेरी भूमि का फर्जी जालसाजी तरीके से मुझे उप पंजीयक कार्यालय, राजनांदगांव ले जाकर फर्जी आम मुख्यारनामा (बिना प्रतिफल के 2 वर्ष के लिये) तैयार करा लिया। जिसकी जानकारी मुझे नहीं दी और ना ही किसी प्रकार के जमीन खरीदी बिकी के संबंध में मुझसे कोई बातचीत सौदा नहीं हुआ था। उपरोक्त तीनों व्यक्तियों के द्वारा मुझे किसी कागज में गवाह के रूप में हस्ताक्षर करना है, करके ले गये थे और जालसाजी पूर्वक आम मुख्यारनामा पर हस्ताक्षर कराकर उप-पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में पंजीकृत रजिस्टर्ड करा लिये जिसकी जानकारी मुझे 12 मार्च 2025 को भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन संलग्न करने पर कार्यालय दुर्ग में प्रस्तुत करने पर पता चला कि मेरे द्वारा विक्रेता लोमस कुमार पटेल को आम मुख्यारनामा उक्त विक्रय पत्र में विक्रेता लोमस कुमार पटेल तथा क्रेता के रूप में शंकर चौहान दर्ज कराया गया था। जिसकी जानकारी होने पर मेरे द्वारा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में उपस्थित होकर पंजीयन कार्यवाही को रोकवाया गया।

### खाता खुलवाकर खुद करते रहे लेनदेन

पीडित किसान ने बताया कि, शंकर चौहान द्वारा पूर्व नियोजित साजिश कर मेरे नाम से खाता एक्सीस गंज पारा, दुर्ग एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक स्टेशन रोड दुर्ग में 1 फरवरी 2025 एवं 18 फरवरी 2025 खाता खुलवाया गया तथा उक्त खाते में रकम डालकर खुद निकलवाकर रख लेता था। उनके बेटे प्रेमलाल याद्व फौजी है। उन्होने बताया कि, मुख्यिारनामा के जरिए उनके पिता की जमीन को बेचने का प्रयास किया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई हैं।

# शहरवासियों को मिली बिजली सुधार के लिए स्काई लिफ्ट वाहन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर किया लोकार्पण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग शहर वृत्त को दुर्ग-भिलाई शहर में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए बहु उपयोगी स्काई लिफ्ट की सौगात मिली है। जिससे दुर्ग-भिलाई शहर के लगभग 2 लाख 71 हजार से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। दुर्ग वृत्त के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों इसकी पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया गया।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से स्काई लिफ्ट की जरूरत थी। इसके अभाव में ऊंचाई पर बिजली तार की मरम्मत करने में परेशानियां होती थी और समय भी अधिक लगता था, जिसके कारण बिजली कर्मचारियों को लोगों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ता था। रायपुर शहर की तर्ज पर यह सुविधा अब विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दुर्ग-भिलाई शहर का प्रदान की गई है।

### ऐसे मिलेगा फायदा

अधिकारियों ने बताया कि शहर में विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए स्काई लिफ्ट वाहन की नितांत आवश्यकता थी। इससे विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित सुधार में यह वाहन लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि इस स्काई लिफ्ट वाहन के आने से विद्युत कर्मचारियों को अधिक ऊंचे पोलों एवं पोलों के मध्य तारों पर कार्य करने में सुविधा होगी एवं कर्मचारी सुरक्षित रुप से कम समय में विद्युत सुधार का कार्य पूरा कर पाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्काई लिफ्ट 360 डिग्री घूम सकता है और 13 मीटर ऊंचाई तक कर्मचारियों को सुरक्षित लिफ्ट करा सकता है। यह वाहन उन्हें दुविधा पूर्ण एवं कठिन स्थानों पर भी कार्य करने में सहयोगी होगा। उन्होंने बताया कि इस वाहन से बिजली तार से सटे पेड़ों की डालियां काटने में भी सहयोग होगा। सुरक्षा के साथ-साथ घंटों का कार्य मिनटों में संपन्न होगा।




### जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला आज

**राजनांदगांव।** नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला का आयोजन कल 27 मार्च को सुबह 11 बजे पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चन्द्राकर, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजिता पडोती, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष लता सिन्हा, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे।

### अनुकंपा नियुक्ति के मामले जल्द निपटाएं : उमरे

**दुर्ग ।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने दुर्ग जिले में अनुकंपा नियुक्ति के मामले निपटाने में देरी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के आवेदनों पर सुस्त तरीके से नहीं बल्कि उचित समय के भीतर निर्णय लिया जाना चाहिए।मृतक आश्रितों के आवेदनों पर समय रहते विचार तक नहीं किया जाता और वे वर्षों तक ऐसे ही पड़े रहते हैं। जो की पूर्णतः अनुचित है।

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर परामर्श हेतु भिलाई में उपलब्ध
दिनांक 29 मार्च, शनिवार समय - सुबह 10 से 3 बजे तक
पता : चन्द्राकर मेडिकोज, शॉप नं. 44, ए-मार्केट (कालीबाड़ी के बाजू में) हुडको, भिलाई
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर



## महापौर ने पार्षदों के साथ शहर का किया निरीक्षण

# चेतावनी: सड़कों और नालियों पर कब्जा न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- अफसरों को दिए व्यवस्था सुधारने के निर्देश

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज पुराना पुलिस थाना के पीछे हटाए गए अतिक्रमण स्थल का मेयर अलका बाघामर ने निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने नाली और सड़क सीमा पर दुकान सजाकर रखने वालों को व्यवस्थित ढंग से व्यपार करने की बात कही। सभी दुकानदार एक साथ एक लाइन से लगाने के निर्देश दिए।

यदि दुकानदार ऐसा नही करते है तो उन पर जुर्माना के साथ कार्रवाही करने हेतु बाजार अधिकारी संजय ठाकुर को निर्देशित किया। उन्होंने दुकानदारों को यातायात व्यवस्था पर सहयोग करने की अपील की, कहा पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए एवं चलन सड़क पर मार्किंग किया जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी से कहा सड़क बाधित अतिक्रमणों को हटावाकर व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए कहा सड़क सीमा पर अतिक्रमण बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के मौके पर सभापति श्याम शर्मा,राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर, सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन, बाजार अधिकारी संजय ठाकुर अलावा जीतेन्द्र सिंह राजपूत मौजूद रहें।



### प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध

मेयर द्वारा दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल बंद करने की हिदायद दी गई। सड़क व नालियों में अतिक्रमण के कारण इससे न केवल यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही है, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। नगर निगम ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि, वे सड़कों और नालियों पर कब्जा न करें, ताकि यातायात और स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### मेयर ने किया अफसरों के साथ निरीक्षण

सड़क पर सज रहे अवैध बाजार, नालियों पर व्यापारियों का कब्जा, शहर की सड़कों और नालियों से अवैध कब्जा हटाकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मेयर ने पटेल चौक से पुराना दुर्ग थाना का निरीक्षण किया। बारिश के दिनों में जलभराव की परेशानी से निपटने के लिए अभी से नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को बाजार को सुव्यवस्थित बनाने के लिए निरिक्षण करते रहने कहा।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण व खेलकूद के लिए संरक्षित होगा मैदान

**उतई।** ग्राम डुमरडीह में डुन्डेरा मार्ग किनारे स्थित मैदान पर्यावरण संरक्षण एवं खेलकूद के लिए संरक्षित होगा इसके लिए उक्त खेल मैदान को संरक्षित करने एवं इसके चारों ओर पौधारोपण कर आसपास को आक्सीजोन के रूप में विकसित करने ग्राम पंचायत डुमरडीह सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे ने पीपल व बादाम के पौधे रोपित किये। उन्होंने कहा कि इस मैदान में डुमरडीह सहित आसपास ग्राम के खिलाड़ी भी अभ्यास करते हैं। मैदान के आसपास पौधारोपण होने से खिलाड़ियों को एक स्वच्छ वातावरण मिलेगा इस दौरान ग्राम के उपसरपंच कोमल बंजारे, कुंदन मधुकर, हीराधर कोसरे , जसवंत कुर्रे, हरीश चक्रधारी, पर्यावरण हितवा संगवारी रोमशंकर यादव, मनीष खिलाड़ी, संजय साहू, जेबा खान, विकास साहू, दिनेश बंजारे, झलक साहू, लोमेश गायकवाड़, कृष्णासिंह, तिलक,मोतीलाल साहू, चेतना ठाकुर, दिव्या साहू, सरिता बाग मुगा साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### सुशीला पाण्डेय



**भिलाई।** 105/बी सूर्यविहार कॉलोनी फेज 2 निवासी सुशीला पाण्डेय उम्र 60 वर्ष का निधन बुधवार को गया है। उनकी अंतिम संस्कार गुरुवार को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। सुशीला डॉ. शशिकांत पाण्डेय की पत्नी, डॉ. अभिषेक पाण्डेय और डॉ. क्षितिज पाण्डेय की माता और डॉ. ऋचा पाण्डेय व सुरभि पाण्डेय की सास थीं।

### शिव कुमारी वैष्णव



**कुम्हारी।** बजरंग चौक कुम्हारी निवासी शिव कुमारी वैष्णव पति साधु दास वैष्णव उम्र 65 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार बुधवार को खारुन नदी किनारे की गई। वे गजेंद्र वैष्णव की मां थीं।

### सीके चंद्राकर



**भिलाई।** जवाहर नगर दुर्ग निवासी जनपद पंचायत धमधा विकास विस्तार अधिकारी सीके चंद्राकर उम्र 61 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया। वे शशांक, स्वाती के पिता एवं विद्युत विभाग रायपुर के इंजीनियर ओमकार के चाचा थे।

## अंचल के विभिन्न गांवों में कलश यात्रा निकालकर मनाई माता कर्मा की 1009 वीं जयंती

# मां कर्मा के त्याग व मानव सेवा से लें सीखः ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्रामीण साहू समाज ग्राम पुरई के तत्वावधान में साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती एवं भक्त माता कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बाजार चौक पुरई में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कर्मा माँ के मंदिर के समक्ष मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर खिचड़ी का भोग अर्पण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, विशेष अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ पुसऊ राम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष खिलावान साहू, दयाराम साहू, उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, दीनानाथ साहू, द्वारिका साहू, भुनेश्वर साहू, राजेशवारी साहू, लखन साहू, मोहन साहू, सुरेन्द्र साहू, शंकर साहू, सुनीति साहू, कमला, सुनीता, सुमन साहू सहित ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी गण एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। सामाजिक भवन में कर्मा मंदिर में सुबह-शाम पूजा भी होनी चाहिए। केवल जयंती के दिन ही औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। हमें अपनी इष्ट देवी माँ कर्मा के त्याग, बलिदान, समाज व मानव सेवा से भी सीख लेनी चाहिए। समाज के लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ संस्कार भी देवें, क्योंकि संस्कारित व सुशिक्षित समाज ही उन्नति करता है। महोत्सव की शुरुआत शोभायात्रा निकालकर की गई। ये यात्रा ग्राम में भ्रमण कर सामुदायिक भवन पहुंची, समाज के बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। जहां मां कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद महाआरती व खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद महाप्रसाद खिचड़ी वितरण किया गया।

### पुरई में साहू समाज के लोगों ने की भक्त माता कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा



### समाज के अभाव में जीवन नीरस हो जाता हैः कामता साहू

**जामगांव आर।** भक्त माता कर्मा की जयंती जामगांव आर में बड़े धूमधाम से मनाई गई। वहीं नगर में शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात सामूहिक भोज प्रसाद ग्रहण किए। समारोह में परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, समाज सेवी पीतांबर साहू, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, उपसरपंच मुकेश साहू, स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष संतोष साहू, सक्रिय समाजसेवी नंदनी साहू, वाईके साहू, रामकृष्ण साहू, त्रिवेणी साहू, सुनीता साहू, डॉमिन साहू सहित समाजसेवी मंचासिन थे। समाज के परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा की जीवनी से चरित्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। व्यक्ति को समाज में सहभागिता अदा करना चाहिए तभी समाज उन्नत बन पाएगा जिसका लाभ भावी पीढ़ी को मिलेगा। संतान को संस्कार घर परिवार समाज से मिलता है। समाज के अभाव में व्यक्ति का जीवन नीरस हो जाता है, समाज आनंद का दरिया है। सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि माता कर्मा संस्कार की सागर है चरित्र निर्माण की पाठशाला है। समाज से संगठन को शक्ति मिलती है। समाज के नवनिर्वाचित पंचों का सम्मान किया गया। समारोह में कोमल साहू, चतुर साहू, नंदकुमार साहू, किशोर साहू, दयानंद साहू, बुधारू साहू, टेमन साहू आदि उपस्थित थे।



### मां कर्मा से हमें सेवा करने की सीख मिलती हैः मकसुदन

**निकुम।** साहू समाज निकुम ग्रामीण स्तर पर ग्राम निकुम में पापमोचनी एकादशी पर भव्य कर्मा जयंती धूमधाम से मनायी गई। जिसमें साहू समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। वहीं साहू भवन निकुम में मां कर्मा और भगवान कृष्ण की पंडित भावेष पांडे द्वारा सामूहिक पूजा-अर्चना किया गया। वहीं यजमान उपसरपंच गोपेन्द्र साहू रहे। जिसमें निकुम गांव से साहू समाज एकतत्र होकर धूमधाम से कर्मा जंयती मनाई। वहीं इस आयोजन में साहू समाज के क्षेत्र के नर्वनिवाचित पदाधिकारी आमटी सरपंच दुर्गा चौधरी, खाड़ा सरपंच नंद कुमार साहू, जनपद सदस्य भोथली दामिनी साहू, उपसरपंच निकुम गोपेन्द्र साहू सहित पंचगण व ग्राम सरपंच निकुम भागवत पटेल रहे। सभी ने सर्वप्रथम मां कर्मा की पूजा-अर्चना किया। वही इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष निकुम मकसुदन साहू ने कहा कि भक्त कर्मा माता श्रध्दा और भक्ति से परिपूर्ण है। साहू समाज की भांति दूसरे समाज भी एकता के सूत्र में बंधे है क्योंकि किसी भी समाज को मजबूती प्रदान करती है, उसकी एकता इसलिए समाज में एकता बहुत जरुरी है। समाज की संस्कृति , रीति रिवाजो को संजोकर रखे इस अवसर पर दुर्गा चौधरी आमटी सरपंच ने कहा कि मां कर्मा से हमे सेवा करने की सीख मिलती है। इस अवसर पर ऐमराज साहू, हेंमत चौधरी, रोशन साहू, कल्याणी साहू, उद्घोषक राजुकमार साहू, दुष्यंत साहू, उनेश साहू, सालिक राम साहू सहित समाजिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### माता कर्मा के आदर्श को जीवन में उतार कर सार्थक बनाएं : जिपं सदस्य कल्पना



**जामगांव आर।** भक्त माता कर्मा जयंती का भव्य आयोजन शोभा यात्रा के साथ नवागांव में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू थे। समाज के लोगों ने मां कर्मा की पूजा-अर्चना में भाग लिया। महा आरती के बाद महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं नवागांव, धमना, गातापार, बासीन, बोरवाय, टेमरी, भनसुली, आगेसरा, कौही, आसोगा, औरी, किकिरमेटा में आयोजित कर्मा जयंती में मंचासीन रहे। अतिथि मंच पर नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, लालेश्वर साहू, टेसराम साहू, रामकुमार चंद्राकर, त्रिभुवन साहू, महेश साहू, कविता, जयप्रकाश साहू, छगनलाल साहू, गजेंद्र साहू, सोमसिंह साहू, ढालसिंह साहू, त्रिभुवन साहू भी उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने कहा कि माता कर्मा हमारे आदर्श है। आदर्शमय जीवन जीने के लिए माता कर्मा की जीवनी को पढ़ें, आचरण में उतारे जीवन सार्थक बन जायेगा। जीवन जीने की सुलझी हुई राह मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल मां कर्मा की जयंती मनाकर कर्तव्य की इति श्री नहीं करे। समाज के वरिष्ठ जनों ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाले और कहा कि जीवन को सार्थक बनाने भक्त बनकर आराधना साधना करे तब मां की कृपा आशीर्वाद प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रेमशंकर साहू, देवेंद्र साहू, चेतन साहू, मोतीलाल, योगेंद्र कुमार साहू, विष्णु साहू, अमरनाथ साहू, लोकेश साहू, रमाकांत साहू, कोमिन साहू, कोवेंद्र साहू, खोमलाल साहू, गजेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, अरुण साहू, नोमेश साहू, दिलीप साहू, रेवाराम साहू, देवसिंह, पिंकूराम, युवराज, लिलाधर साहू, लिना साहू, संतोष साहू, योगेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, पृथ्वी साहू, हुमन साहू, चेतन साहू सहित समस्त साहू समाज उपस्थित थे।

### भक्त माता कर्मा जयंती पर साहू समाज ने की महाआरती



**सेलूद।** भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त एवं साहू समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती स्थानीय साहू समाज सेलूद द्वारा धूमधाम से मनाई गई। अश्वनी साहू ने भक्त माता कर्मा की जीवन परिचय से अवगत करवाते हुए कहा कर्मा माता ने अपने त्याग तपस्या और समर्पण से समाज को संगठित किया जिसके जयंती के अवसर पर समाज को एक साथ एक मंच पर बैठने को मिल रहा है। आने वाली पीढ़ी को नशा एवं गलत लत से बचाने शिक्षा के साथ संस्कार की पाठ पढ़ाये।बच्चों को संस्कारवान बनाये। इस अवसर पर अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, हरिशंकर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा, खेमलाल साहू महासचिव, खिलेश मार्कण्डेय सरपंच सेलूद, खेमिन साहू पूर्व सरपंच सेलूद, राकेश साहू उपसरपंच सेलूद, टामन साहू प्राधिकृत अध्यक्ष, मुक्तुराम साहू, अमृत साहू, विमला साहू, केवरा साहू, कौशल साहू, आभार प्रदर्शन कृष्ण कुमार साहू व संचालन अनिल बनपेला ने किया। कार्यक्रम में भोला राम साहू अध्यक्ष सेलूद, गोविन्द साहू उपाध्यक्ष, डिलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष, जयंत साहू, लक्ष्मण साहू, प्यारेलाल साहू खूबचंद साहू, शैल साहू, ललिता साहू, पीताम्बरी साहू, ललिता साहू, गैन्दी बाई साहू, लता साहू, बिहारी साहू, जयप्रकाश साहू, धनंजय साहू, कन्हैया साहू, नंदू साहू, मुन्ना साहू, अर्जुन साहू, मेघनाथ साहू, रेखा साहू, प्रेमिन साहू, दुलारी साहू, कीर्ति साहू उपस्थित थे ।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया क्षय दिवस




**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने विभागीय अधिकारी कर्मचारी ओर ओपीडी में आए मरीजों के साथ विश्व क्षय दिवस मनाया गया। डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि क्षय रोग संक्रमण रोग है जिसकी शरीर में प्रतिरोधक क्षमता कम होती है उसको होने की क्षमता ज्यादा रहती है। खंड चिकित्सा अधिकारी डा भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि क्षय रोग के प्रति सचेत नहीं होने से मृत्यु तक हो जाती है वर्तमान में क्षय रोग के उन्मूलन के लिए 100दिवसीय उपचार कार्यक्रम चलाया गया ओर नाट ओर एक्स रे के माध्यम से जांच ओर उपचार करने अभियान चलाया गया। बीईईटीओ चंद्र कांता साहू, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 बी ईईटी सैय्यद असलम ने बताया कि क्षय रोगी को पूर्ण इलाज कराना चाहिए। शासन द्वारा डाट्स की दवा निशुल्क दवा उपलब्ध है। बीईईटीओ बीएल वर्मा व बीपीएम पूनम साहू बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि टीबी रोग के लक्षण में शाम में सुबह-शाम को बुखार आना, वज़न घटना, लगातार 15दिवस खांसी आना है ऐसे लक्षणों होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए और निःशुल्क जांच करना चाहिए। कार्यक्रम में टीबी एचबी राहुल यादव, देशमुख, लैंब टैक्नीशियन सत्यम श्रीवास, सरस्वती वर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर आर विश्वास, ए देशलहरे, जेआर मार्कंडेय, देवकी सिंहा, एलपी वर्मा, जानकी साहू, प्रेम राजकुमारी आदि उपस्थित थे।

# ढीमर समाज धमधा राज का वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा




- 25 लाख की हुई घोषणा, धमधा ढीमर सामाजिक भवन में बनेगा प्रथम तल

धमधा विकासखंड के ग्राम दारगांव में में छत्तीसगढ़ ढीमर समाज धमधा राज परगना धमधा का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण कुमार साव और अध्यक्षता के रूप में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल शामिल हुए विशिष्ट अतिथि बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, साजा पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, क्षेत्र प्रचारक विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ चंद्रशेखर वर्मा, राधेश्याम चंद्रवंशी रामेश्वर निषाद, समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ढीमर,रामलाल पंडरिया पवन धीवर, चंद्र विजय ढीमर रहे। इस मौके पर अतिथि सहित समाज के पदाधिकारियों ने भगवान गुहा निषाद के छाया चित्र में पुष्प हार चढ़ा कर पूजा अर्चना की कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ढीमर में समाज की मानवता के प्रति विशेषताएं बताई कैसे समाज का उत्थान किया जा सकता है और समाज में कमियों और अच्छाइयों को दर्शाया एवं समाज में हो रही परेशानियों को मुख्य अतिथि के समझ रखा। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश दिवस समाज के प्रदेश कार्यालय हेतु रायपुर में जमीन मांग एवं धमधा गंडई रोड स्थित भवन के प्रथम तल निर्माण हेतु राशि मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कहा कि दीवार समाज एक बहुत ही सरल समाज और सीधा-साधा ईमानदार समाज है इस समाज के एक-एक व्यक्ति में मानवता की भावना हमेशा बाढ़-चढ़ कर रहती है मैं समाज के हित में जो भी मुझे बन पड़े हर संभव प्रयास करूंगा। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाल रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आना मुख्यमंत्री जी को था की भी कारण वश वह नहीं आ पाए मुझे अपना प्रतिनिधि बनाकर के ढीमर समाज की सेवा के लिए भेजा है बहुत ही सरल स्वभाव और समाजसेवी होता है ढीमर समाज इस समाज में कई प्रतिभूतियों ने जन्म लिया स्वयं मानवता की जन्म इसी समाज से ऋषि मनु के द्वारा हुई उसके बाद भगवान गुहा निषाद राज ,चाणक्य ,बिलासा बाई केवटिन जैसे ना जाने कई महान हस्ती इस समाज पूर्वज रहे हैं। वही कार्यक्रम के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने धमधा में ढीमर समाज के प्रथम तल के लिए 25 लाख रुपया की घोषणा की एवं जो रायपुर में भवन के लिए जमीन को लेकर कार्य विलंब हो रहा है उसे त्वरित कार्यवाही करवाने की बात कही। कार्यक्रम में ढीमर समाज द्वारा सभी अतिथियों को भगवान राम एवं भगवान गुहा निषाद की छायाचित्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया वहीं कार्यक्रम के सदस्य रूपचंद ढीमर ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधीकरण एवं समाज के लोग मौजूद थे।

## समाज में एकजुटता बढ़ने से एक नई ऊर्जा मिलेगीः पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

- डुंडेरा में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व गृहमंत्री साहू

**उतई।** ग्राम डुंडेरा में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि साहू समाज के नागरिकों ने पहले मेरे समक्ष मांग रखी थी कि समाज के लिए एक बड़ा भवन होना चाहिए, उनकी इस मांग का सम्मान करते हुए विधायक मद से भवन निर्माण कराने की राशि स्वीकृति की और परिणाम स्वरूप आज यह भवन समाज के लोगों की सेवा व उपयोग के लिए समर्पित किया जा रहा। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए। समाज में हर व्यक्ति को संगठित होना चाहिए, जिससे समाज की एकजुटता बढ़ेगी और समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी। साहू समाज एक संगठित व मजबूत समाज है तथा सामाजिक कार्यो में समाज की भूमिका सदैव प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही है। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर की गई। साथ ही नवीन साहू भवन का लोकार्पण किया गया। इसके बाद सामज द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया एवं माँ कर्मा जयंती के पूर्व संध्या पर समाज के महिलाओं द्वारा कलश यात्रा को झंडा दिखाकर ग्राम भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता अध्यक्ष परिक्षेत्र पुरई खिलावान साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, लक्ष्मी साहू, महापौर रिसाली शशि सिन्हा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, पूर्व एल्डरमैन तरुण बंजारे, खेम लाल साहू, रोहित धनकर,ममता यादव, तुलाराम साहू, अशोक साहू सहित ग्रामीण साहू समाज की पदाधिकारी, महिलाएं बड़ी संख्या उपस्थित थे।



## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## श्री राम जनमानस गान आयोजित



**कुम्हारी।** एक दिवसीय श्री राम जनमानस गान का आयोजन सरस्वती महिला मानस मंडली के तत्वधान मे बजरंग चौक पुरानी हटरी मे रविवार को सम्पन्न हुआ जिसमें कुम्हारी नगर के आठ जसमानस परिवार सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम मे कुम्हारी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मीना वर्मा ने आदर्श महिला मानस मंडली के साथ मंच साझा किया। अरण्य काण्ड मे शबरी का प्रभु के प्रति प्रेम का व्याख्यान किया गया भागवन किन बातों के भूखे है इस बात को श्रोताओं के मध्य व्याख्यान करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के आयोजक समिति में सरस्वती महिला मानस मंडली संजय नगर कुम्हारी, मंदाकिनी वैष्णव,बून्दी जलक्षत्री, उर्मिला वैष्णव, शशिकला साहू, अश्वनी ध्रुव, जय जलक्षत्री थे। मंच संचालन रघुनाथ देशमुख एवं नंदलाल यादव विशेष सहयोग साधुदास वैष्णव, गजेंद्र वैष्णव , कविता वैष्णव, भूपेंद्र वैष्णव, हीरा सिन्हा, स्व. खोरबाहर सिन्हा स्मृति मे पुत्र दाऊ सिन्हा एवं कन्हैया सिन्हा के द्वारा विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। वरिष्ठजनों में रामदास मानिकपुरी, काशी राम सोनकर, मंगल सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी, देवनाथ सोनकर, बल्ला सोनकर थे। अतिथियों में मुख्यातिथि के रूप में नगर पालिका परिषद कुम्हारी की अध्यक्ष मीना वर्मा एवं अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भिलाई 03, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

क्र. 673/ प्र.तह./ 2024-25
भिलाई 03, दिनांक 21/03/2025

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था छ.ग. युवा प्रगतिशील किसान संघ, ग्राम-खपरी, तह. धमधा (वर्तमान तहसील- अहिवारा), जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम- चोरहा, प.ह.नं. 11, तह. भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 28 रकबा 3.63 हेक्टे. में से रकबा 2.00 हेक्टे. (05 एकड़) भूमि को विभिन्न गतिविधियों- कृषि प्रदर्शिनी स्थल, विश्राम स्थल, किसानो के प्रशिक्षण स्थल एवं मनोरंजन कार्य हेतु भूमि मांग बाबत मय आवेदन कार्यालय कलेक्टर के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03 के द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने किसी विधिमान्य अभिकर्ता/ अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 28.03.2025 के पूर्व लिखित रूप से इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार ,**
**भिलाई 03, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण गिरीराज प्रसाद शर्मा एवं भगवान साय शर्मा के द्वारा मौजा ग्राम दुर्ग शंकर नगर (पूर्व), वार्ड क्र. 11, प.ह.नं. - 24 / रा.नि.म. दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित अचल संपत्ति जिसका खसरा नं. - 1273/30, रकबा 800 वर्गफुट, भूमि स्वामी माधुरी लारोकर, ध. प. संजय कुमार लारोकर से 24,50,000.00 रूपये में विक्रय का सौदा कर इकरारनामा 24.01.2025 को निष्पादित किया है। जिसका विक्रय पंजीयन 15 दिनों के अंदर किया जावेगा आमजन को सुचित किया जाता है कि उक्त अचल संपत्ति के विक्रय बावत कोई दावा आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अंदर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

शरद दुबे
(अधिवक्ता)
कार्यालय - ई-5, ओम परिसर,
आर्य नगर, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 9301163737

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./202503100700118/अ-20(1)/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है आवेदक सिक्ख समाज, अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरू सिंध, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम चिखली तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 15/11 रकबा 0.8860 हे., में से 7000 वर्गफीट भूमि छत्तीसगढ़ शासन नगर भूमि को सिक्ख समाज दुर्ग को आबंटित किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र कलेक्टर (आबंटन शाखा) दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 21/03/2025
सुनवाई दिनांक-16/04/2025

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### स्टूडेंट्स के लिए हुआ कैंपस ड्राइव का आयोजन

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यालय में उद्योग की अग्रणी कंपनी स्क्वायर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक सफल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के पद के लिए आयोजित की गई। इस पद के लिए कॉलेज और आसपास के कॉलेजों के लगभग 40 प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया था। देबरोती (वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन, स्क्वायर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड), दीया सिंह और नैन्सी सेवानी रायपुर में कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव के पद के लिए छात्रों के साक्षात्कार आयोजित करके उपयुक्त प्रतिभा की खोज के लिए आईं। भर्ती प्रक्रिया में योग्यता परीक्षण और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई को उद्योग के लिए तैयार प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा प्राप्त है, और यह कैंपस अभियान अपने छात्रों को सर्वोत्तम संभव प्लेसमेंट अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्क्वायर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड उद्योग में एक अग्रणी खिलाड़ी है, जो अपने अभिनव समाधानों और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। कॉलेज के प्रशासक रेव्ह फादर डॉ. पीएस वर्गीस, प्राचार्य डॉ. एमजी रॉयमन और टीपीओ की संयोजक डॉ. सुनीता क्षत्रिय ने सभी अभ्यर्थियों को उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### कक्षा 6वीं और 7वीं का वार्षिक परीक्षा शुरू

**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी में कक्षा 6वीं और 7वीं की वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ हुई। जिसमें भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं बाबूराय साहू प्रधान पाठक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर शुरुआत की। अध्यक्ष व प्रधान पाठक ने सभी बच्चों को अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने व उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# नन्हे पर्यटकों से फिर गुलजार हुआ मैत्रीबाग, एक्जाम खत्म ही पहुंचे सैरसपाटे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नौनिहालों की परीक्षाएं खत्म होते ही मैत्रीबाग चिड़ियाघर में फिर रौनक बढ़ गई है। नन्हें पर्यटक वन्य प्राणियों के रोमांचक दीदार के साथ झूलों और फूलों का भी लुत्फ उठा रहे हैं। ट्विनसिटी के अलावा ग्राम्य इलाकों से भी बच्चे सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे हैं।

भिलाई दुर्ग में पिछले पखवाड़ेभर से प्रायमरी और नर्सरी के बच्चे परीक्षाओं में व्यस्त थे। अधिकतर स्कूलों के इम्तिहान अब खत्म हो चुके हैं। महीनेभरे से तैयारी में जुटे बच्चों को फुरसत मिलते ही पैरेंट्स रिलेक्स करने में जुट गए हैं। बच्चे सैर सपाटे के लिए मैत्रीबाग आ रहे हैं। महीने दो महीने के अंतराल के बाद फिर से मैत्रीबाग में रौनक बढ़ गई है। चिड़ियाघर और फुलवारियों से लेकर हरभरे लानों तक नन्हें मुन्नों की धमाचौकड़ी हो रही है। पालकों और स्कूलों की शिक्षिकाओं के साथ आए बच्चे जमकर कर पिकनिक मना रहे हैं। कई बच्चे बैट बल्ले और बाल आदि भी लेकर पहुंच हैं। वहीं झूलों और फिसलनपट्टी का भी लुत्फ उठा रहे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ बोटिंग हाउस काप्लेक्स में है। झील में आठ बोटों में अधिकांश पालकों के साथ बच्चे दिखाई दे रहे हैं। खाने पीने के साथ डांस सांग का भी मजा ले रहे हैं।

### बोटिंग हाउस में नन्हे पर्यटकों की सबसे ज्यादा भीड़





#### वन्य प्राणियों का रोमांच

मैत्रीबाग में सबसे ज्यादा रौनक चिड़ियाघर में है। यहां बच्चे वाइट टाइगर, लायन और भालू का दीदार कर रोमांचित हो रहे हैं। वहीं कुलांचे भरते हिरणों और धूप का मजा लेते क्रोकोडायल को भी वे अपने मोबाईल कैमरे में कैद कर रहे हैं। चिड़ियाघर में डेढ़ सौ हिरण, पचास सांभर और पंद्रह नील गाय भी उनके कौतुक व रोमांच का सबब बने हुए हैं। बच्चों ने बताया कि एक्जाम के बाद मैत्रीबाग आकर काफी इंजाय कर रहे हैं। यदि यहां और भी देश विदेशी आकर्षक वन्य प्राणी होते तो अधिक मजा आता।

## समस्या: आवासीय योजना पर अमल करने की इंटक की मांग

# बीस साल से ठंडे बस्ते में पड़ी टाउनशिप के आवासों को अपडेट करने की फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के वर्षों पुराने हो चुके आवासों को अब तक अपडेट नहीं किए जाने का खामियाजा रहवासी बीएसपी कर्मचारियों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र को भी भुगतना पड़ रहा है। सैकड़ों छोटे और जर्जर क्वार्टरों को अपडेट किए जाने की यह महत्वपूर्ण योजना बीस साल से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। इंटक यूनियन ने इस चौतरफा समस्या के निदान के लिए प्रबंधन से इस आवासीय योजना पर अमल किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप में कर्मचारियों के लिए आवास साठ व सत्तर के दशक में बनाए गए थे। विभिन्न टाइप के बने यह आवास पचास साठ साल पुराने होने के कारण जर्जर होने के साथ कई आकार में भी छोटे हैं। चौबीस यूनिट, और वन बी तथा टू बी टाइप सहित बोरिया ट्यूबलर शेड आवास तो एक और दो कमरे के हैं। पचास साल के दौरान कर्मियों का परिवार व भौतिक जरुरतें बढ़ने के हिसाब से इतने छोटे व पुराने मकानों में कर्मियों का गुजारा बेहद मुश्किल हो रहा है। इसे देखते हुए अब आवासों के अपग्रेडेशन किए जाने की योजना पर अमल किए जाने की मांग फिर से जोर पकड़ रही है। प्रदेश इंटक के प्रांतीय महासचिव और श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह बताया कि वर्ष 2000 के पूर्व एनजेसीएस सेल बोर्ड की बैठक में वन-बी, टू- बी और 24- यूनिट टाईप आदि क्वार्टरों को अपग्रेड किए जाने की योजना को हरी झंडी दी गई थी। इसके तहत तीमंजिला टूबी टाइप और वन- बी टाइप आवासों को 18 यूनिट से 6 यूनिट करने तथा सिंगल स्टोरी 24- यूनिट आवासों को 8 यूनिट क्वार्टरों में परिवर्तित कर अपडेट किए जाने की योजना बनी थी। प्रबंधन को हर साल बजट के हिसाब से इन आवासों को अपडेट करना था। सेक्टर 6 व सेक्टर 7 के कुछ आवासों को अपडेट कर योजना की शुरुआत भी हुई थी। लेकिन सन 2000 में मंदी आने के कारण यह अहम योजना अब तक ठंडे बस्ते में है। इस अहम योजना पर जल्द अमल किए जाने से कर्मियों को सुविधा होगी और बीएसपी का भी राहत मिलेगी। बोरिया क्वार्टर व वर्षों से एजबेस्टस की शीट वाले ट्यूबल शेड क्वार्टरों को भी अपग्रेड किए जाना कर्मचारी हित में होगा।

### बीएसपी के क्वार्टरों में गुजारा करना मुश्किल हुआ कर्मचारियों का



#### मेंटेनेंस से डिस्मेंटल का लाखों बचेगा

बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप के आवासों में अवैध कब्जे और अराजकता की समस्या के निदान के लिए पिछले करीबन दो साल बेदखली मुहिम के तहत कब्जेवाले और अनफिट ब्लाकों को डिस्मेंटल कर रहा है और खिड़की दरवाजे भी निकाल रहा है। इसमें लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं। इंटक नेता श्री सिंह ने कहा कि 24 यूनिट टाइप आवासों को 8 और 1-बी तथा 2-बी टाइप क्वार्टरों को 18 से 6 यूनिट आवासों में परिवर्तित करने इन पर होने वाला मेंटेनेंस का खर्च पुराने आवासों को तोड़े जाने के खर्च से कम आएगा। नई कालोनी बनाने का खर्च भी बचेगा। साथ ही कर्मियों को बड़े आवास मिलने से राहत भी होगी। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। कब्जे व अराजकता की समस्या से निजात भी मिल जाएगी। सेल बोर्ड में अपग्रेडेशन की इस योजना मंजूर करते समय कहा था कि आगे कर्मियों को बड़े मकानों की जरुरत बढ़ेगी और लिविंग स्टैंडर्ड भी बढ़ेगा।

#### लायसेंसधारी सेवानिवृत्तों से न कराएं आवास खाली: गजेंद्र



बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटायर संयंत्रकर्मियों को अलाट किए गए लायसेंसी और लीज आवासों को खाली करने की चेतावनी से कर्मियों में चिंता बढ़ रही है। यूनियनों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि प्रबंधन को उदार होने की जरुरत है। लायसेंसी आवासों में रहने वाले आवासाधारियों ने अपनी पूरी जवानी और आधा जीवन कीर्तिमानी उत्पादन से बीएसपी को शीर्ष पर ले जाने में खपा दिया। फिर इन मकानों के लिए रहवासियों ने 9 लाख रुपए सुरक्षानिधि जमा करने के साथ किराया भी पटा रहे हैं। मकान बी सरप्लस हैं। बीएसपी पचास साल में आवासों की लागत भी वसूल चुकी है। वृद्ध कर्मियो व परिवारों के हित को देखते हुए उनसे मकान खाली करने की बजाए आवासों को मेंटेनेंस कर अपग्रेडेशन योजना पर तत्काल अमल करने से कर्मियों को राहत से उनका उत्पादन के लिए हौसला बढ़ेगा व बीएसपी को भी चौतरफा समस्या से मुक्ति मिलेगी।

# महादेव सट्टा की जांच का दायरा पहुंचा नांदगांव, एएसपी के घर सीबीआई की टीम ने दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

महादेव सट्टे के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में हुई जांच कार्रवाई का दायरा राजनांदगांव जिले तक भी पहुंचा। सीबीआई की एक टीम एएसपी अभिषेक महेश्वरी के मकान की जांच करने राजनांदगांव पहुंची थी।

शहर के सनसिटी स्थित एएसपी श्री महेश्वरी के मकान पर सुबह करीब 9 बजे पहुंची थी। हालांकि मकान के बाहर ताला लगा होने के चलते टीम बिना किसी जांच के ही वापस लौट गई। टीम ने बंद मकान के ताले में ही सील भी लगाई। इसके बाद यह टीम डोंगरगांव गई थी।

ज्ञात हो कि एएसपी अभिषेक महेश्वरी की पोस्टिंग इन दिनों बीजापुर जिले में है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन सट्टा एप महादेव एप के खिलाफ प्रदेश सरकार ने जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया है। इसी के तहत सीबीआई की तीन दर्जन से अधिक टीमों ने बुधवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित आधा दर्जन पुलिस महकमे के अधिकारियों के घरों में भी दबिश दी थी।

#### डोंगरगांव भी पहुंची थी टीम

मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम पहले राजनांदगांव स्थित उनके मकान में पहुंची, वहां घर बंद मिलने के बाद उक्त टीम जिले के डोंगरगांव शहर जा पहुंची। टीम ने डोंगरगांव के हण्डी पसरा के करीब स्थित उनके परिजनों की दुकान के आसपास कुछ पूछताछ भी की। परिजनों की दुकान में भी टीम ने पहुंचकर कुछ पूछताछ की। ज्ञात हो कि श्री महेश्वरी डोंगरगांव शहर के ही रहने वाले हैं।

### आरईडी में पाली और कर्म शिरोमणी पुरस्कार कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। रोहित कुमार चंद्राकर को पाली शिरोमणी पुरस्कार और धन्नूलाल व डीराजू को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेताओं की पत्नियों को प्रशंसा पत्र मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास द्वारा दिया गया। दास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आशा है कि आगे भी सभी विजेता ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे तथा सुरक्षा को अपने कार्यव्यवहार में शामिल करेंगे। महाप्रबंधक आर.गोपाल कृष्णन, उप महाप्रबंधक सतीश कुमार अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा,मोहम्मद सबीर, मालिनी परगनिहा एवं प्रबंधक फिलोमिना एक्का उपस्थित थे।

# फेरो स्क्रैप ने दिया सामाजिक संस्थाओं को 6 एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड एफएसएनएल (कोनोइके ग्रुप) भिलाई द्वारा बुधवार को प्रदेश के छह प्रसिद्ध सामाजिक और चिकित्सा सेवा संस्थानों तआधा दर्जन एम्बूलेंस वितरित की गईं। एफएनएन भिलाई मुख्यालय में कार्यक्रम कोनाएके ग्रुप के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी तादाहिको कोनाइके के मुख्यातिथ्य और एफएसएनएल के अध्यक्ष एवं निदेशक कुजीवरा तोशिहिरो के विशेषातिथ्य और एफएनएनल के कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार दीक्षित व जीएम पंकज त्यागी की विशेष उपस्थिति में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यह कार्यक्रम स्वर्ण जयंती उद्यान में हुआ। अतिथियों ने एफएसएनएल ( कोनोइके ग्रुप ) के द्वारा छग एकता हेल्थ एंड सोशल वेलफेयर रायपुर, जय शकुंतला वेलफेयर फाउंडेशन बलरामपुर, परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव, श्री गणेश विनायक फाउंडेशन रायपुर, श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजूकेशन ट्रस्ट नवा रायपुर और उदयाचल राजनांदगांव को एबूंलेंस की चाबी प्रदान की गई ।

तादाहिको कोनोइके ने कहा कि कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लि. की स्थापना संस्थापक चुजीरो कोनोइके ने 1880 में की थी। वे एक निजी व्यापारी थे। भाररत की अर्थव्यस्था का सतत विकास इस्पात उद्योग पर निर्भर करता है। इस्पात उद्योग में एफएसएनएल राष्ट्र के प्रति समर्पित कार्य कर रहा है। परिवर्तन के दौर में एफएसएनएल की महती भूमिका है। साथ ही विकास की असीम संभावनाएं हैं। फुजीवरा तोशिहिरो ने कहा कि एफएसएनएल द्वारा किये जाने वाले कार्य उस काम से मेल खाते हैं,जिसे हम जापान में एक सदी से भी अधिक समय से कर रहे हैं। विश्वास है कि एक दूसरे से सीखकर हम जबरदस्त तालमेल पैदा कर सकते हैं। पंकज त्यानी ने स्वागत भाषण में कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग विकास में एफएसएनएल का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। कोनोइके ग्रुप के साथ जुड़कर नए उत्साह से काम करेंगे।



#### परिवर्तन के दौर में एफएसएनल की अहम भूमिका: तादाहिको

पूर्व में श्री त्यागी ने तादाहिको कोनोइके, फुजीवरा तोशिहिरो व सुनील दीक्षित का स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। सामाजि संगठनों ने भी जापानी अतिथियों का गुलदस्ते से स्वागत किया। एंबूलेंस प्राप्त करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कोनोइके ग्रुप द्वारा मिली एंबूलेंस के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता पंडित और एफएसएनएल के छगनलाल नागवंशी ने किया। जापानी भाषा में अनुवाद रुचि ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में एफएसएनएल परिवार उपस्थित था।

# कर्मचारी कामकाज में सरल भाषा का करें उपयोग: निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। श्री निगम ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें सामान्य एवं सरलतापूर्वक लिखें व बोले जाने वाले शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। श्री चोखानी ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए हम सभी पूर्णतः संकल्पित हैं। हमें अपने सभी साथियों को इसके लिए प्रेरित करना है। सामूहिक प्रयासों से ही हम सफल हो सकते हैं।

महाप्रबंधक आशीष कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार शर्मा, ललित खन्ना, प्रकाश कोलकोण्डी और रजत रंजन जाना, उप महाप्रबंधक अमृता गंगराडे, सहायक महाप्रबंधक अविलाष प्रसाद पंसारी और निलेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक,



अभिषेक कोचर एवं श्री आनंद कुमार तिवारी, अनुभाग अधिकारीगण श्री उज्वल प्रसन्नो और सुनील कुमार शर्मा, वरिष्ठ स्टाफ सहायक चन्द्रलता चन्द्राकर, जूनियर स्टाफ असिस्टेंट शिखा दीक्षित, कार्यालय सहायक दीपिका वर्मा, श्रावणी डे आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर वित्तीय शब्दों के सही हिंदी वर्तनी लेखन पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके चार प्रथम पुरस्कार विजेता रहे । इनमें प्रमोद कुमार चोखानी, मुख्य महाप्रबंधक, अमृता गंगराडे, उप महाप्रबंधक, निलेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक एवं श्री सुनील कुमार शर्मा, अनुभाग अधिकारी। द्वितीय पुरस्कार चन्द्रलता चन्द्राकर, वरिष्ठ स्टाफ सहायक, शिखा दीक्षित, उज्वल प्रसन्नो, अनुभाग अधिकारी ने प्राप्त किया।




## सोसायटी के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के ईडी वर्क्स रमेश कुमार से की मुलाकात

# ठेका श्रमिकों की लंबित समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र कांट्रेक्टर एंड लेबर वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने, अधिशासी निदेशक वर्क्स एरिया राकेश कुमार से सौजन्य भेंटकर कांट्रेक्टर और लेबर से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा जानकारी दी कि लगभग संयंत्र मे कार्यरत लगभग 26000 ठेका श्रमिकों का दुर्घटना बीमा का प्रीमियम भुगतान जिसे सोसायटी द्वारा किया जाता है । किसी भी प्रकार के कार्य के दौरान होने वाले दुर्घटना मे पीड़ित श्रमिक के परिवार को 10लाख रूपये की राशि का भुगतान किया जाता है, ऐसे कार्यरत सभी श्रमिकों का बीमा कर दिया गया है। श्रमिको के विभिन्न समस्याओ पर चर्चा कर उनके समाधान की मांग की लगभग दो घंटे तक चली इस सार्थक बैठक मे ठेका श्रमिकों एवं ठेकेदारों के भुगतान से संबंधित विभिन्न मुद्दों जिसमे ठेका प्रकोष्ठ द्वारा 7दिवस के भीतर क्लिरेंस और 7 दिनों के भीतर वित्त विभाग द्वारा भुगतान करने की मांग की गई। ठेका श्रमिकों के बायो मेट्रिक उपस्थिति के सन्दर्भ मे हो रही व्यवहारिक दिक्क़तो, पर चर्चा की गई तथा प्रमुखता से यह बात कही गई की पूर्व से चले आ रही निविदा मे प्रबंधन द्वारा बायोमीट्रिक हाजरी को ठेकेदारों पर थोपा गया है जो पूर्णतः निविदा शर्तो का उल्लंघन है, जिसका विरोध कार्यकारिणी सदस्यों ने किया, वही यह बात प्रमुखता से कही गई कि नवीन व्यवस्था के चलते आई आर विभाग द्वारा क्लियरन्स नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण आने वाले दिनों मे ठेकेदारों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ेगा और श्रमिकों का वेतन भुगतान नहीं हो पाएगा, जिसका सीधा प्रभाव उत्पादन पर पड़ेगा। इडी वर्क्स राकेश कुमार ने कांट्रेक्टर की मांगो पर शीघ्र ध्यान देने एवं सभी कांट्रेक्टर से सुरक्षा को सर्वोपरि मान कर ही कार्य को क्रियान्वित किए जाने का आग्रह किया एंव सोसायटी द्वारा रखी गई सभी मांगों पर ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष सीजू एंथोनी, कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, महासचिव हितेश पटेल, उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, नवीन सिंग, राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वी के बाबू, एवं सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।





हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129


04 चमकता ट्रेंड

**लाइव इवेंट**

## गणगौर पूजा पर फैंसी ड्रेस गीत-संगीत और रैम्प वॉक



दुर्ग। खंडेलवाल महिला मंडल ने होटल मिंट में गणगौर उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गणगौर की पूजा अर्चना के साथ-साथ वेशभूषा, गीत संगीत, रैम्प वॉक और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया। खंडेलवाल महिला मंडल के अध्यक्ष आराधना खंडेलवाल ने बताया कि सर्वप्रथम बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने अपने-अपने सर पर जैगढ़ को रख नाच गाने के साथ गणगौर जहां स्थापित की गई थी वहां पहुंची। जैगढ़ को गणगौर के पास रख संरक्षिका रश्मि तांबी, उपाध्यक्ष वर्षा बढ़ाया, सचिव सीमा गुप्ता, उपाध्यक्ष रचना कुलवाल और कार्यकारिणी सदस्य रानू बढ़ाया, अंजलि खूंटेटा और सभी महिलाओं ने पूजा कर मनोकामना मांगी तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किए गए। विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में आई महिलाओं ने सभी का मन मोह लिया। एक ओर जहां भारती सेठी और मीनाक्षी राजस्थानी वेशभूषा में आई तो मधु बढ़ाया और पूजा वैध पंजाबी जोड़े में थी गुजरात की वेशभूषा में भारती घीया तो राधा बढ़ाया ने जम्मू कश्मीर की याद दिलाई। इन सभी ने अलग-अलग राज्यों की वेशभूषा की जानकारी भी दी। वहां का नृत्य भी किया। समाज की महिलाओं ने भारती सेठी और प्रिया सेठी द्वारा किया गया सास भी कभी बहू थी ड्रामा को बहुत सराहा। इस दौरान भारती वैध और वैशाली सेठी ने गणगौर के गीत भी गाए। समाज की सभी महिलाओं ने रैंप वॉक का भी आनंद लिया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण और भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

**सिटी इवेंट**

## ललित कला अकादमी का रीजनल सेंटर भिलाई में खुलेगा, ग्रामीण विधायक ने दिया आश्वासन



■ ललित कला अकादमी के रीजनल सेंटर की स्थापना के लिए ग्रामीण विधायक से मिले कलाकार

**भिलाई।** ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे छत्तीसगढ़ के ख्यातलब्ध कलाकार। विधायक ललित चंद्राकर ने अपने आवास में मिलने आए कलाकारों को आश्वस्त किया है कि वे इस महत्वपूर्ण विषय पर हरसंभव मदद करेंगे। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा, प्रवीण कालमेघ, तरूण धोटे, कांता देवी, यश दलवी खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से प्रीति, गुंजन तथा ललित कला, नई दिल्ली में राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्र के कलाकार विगत अनेक वर्षो से भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। इस दौरान सांसद विजय बघेल का भी उन्हें निरंतर नेतृत्व प्राप्त होता रहा है। विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी सांसद ने ललित कला की मांग को शामिल किया था। यही वजह है कि ललित कला से जुड़े देश विदेश में फैले कलाकारों को उम्मीद है कि यह बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होकर रहेगी। विधायक ललित चंद्राकर ने चुनावी घोषणा को मोदी की गारंटी कहते हुए कहा है कि वे छत्तीसगढ़ी कलाजगत के लिए इस महत्वपूर्ण विषय पर हरसंभव मदद करेंगे। इसके लिए कलाकारों का एक प्रतिनिधिमंडल अतिशीघ्र ही ललित चंद्राकर के मार्गदर्शन मे मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा और प्रवीण कालमेघ ने वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार के कार्य की मुक्तकंठ प्रशंसा करते हुए ललित चंद्राकर को बताया कि आजादी के बाद पूरे भारतवर्ष को सात कला केन्द्रों में बांटा गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य उड़ीसा के अंतर्गत आता है। यदि यह नया सेन्टर बनता है तो छत्तीसगढ़ के कलाकारों को कहीं नहीं भटकना पड़ेगा। यश दलवी, कांता देवी और तरूण धोटे ने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए विधायक को जानकारी दी कि वहां से निकले कलाकारों को भी भिलाई मे एक बड़ा मंच मिल सकेगा। वहीं अकादमी में छत्तीसगढ़ के प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन ने आशा व्यक्त की है कि डबल इंजन की सरकार इस मांग को अतिशीघ्र ही पूरी करेगी।

## रक्तदान शिविर में लोगों ने स्वस्फूर्त होकर 50 यूनिट ब्लड किया डोनेट

**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तवीरों ने 50 यूनिट रक्त दान किया। A पॉजीटिव रक्त समूह की मांग ज्यादा होने पर चुनेश सारथी ऑन कॉल पर तीसरी बार रक्तदान किया। ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, मेडिकल अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरुणा रावत, लैब टेक्नोलॉजिस्ट तीरथ यादव, निशु, कुसुम, तरन्नुम, हिमांशु चंद्राकर, फाउंडेशन से राज अदातिया, कुलवंत सिंह भाटिया, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंधकारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, जीवन दीप समीति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना ने सहयोग प्रदान किया।

● माहे रमजान की विदाई के दौर में जारी है इबादतों का सिलसिला, इफ्तार का भी चल रहा सिलसिला

# शहर में अमन की दुआओं के लिए खास इबादत एतकाफ पर बैठे लोग, शबे कद्र की तैयारियां शुरू

माहे रमजान की विदाई के इस दौर में शहर की तमाम मस्जिदों और घरों में खास इबादत का सिलसिला चल रहा है। रमजान के इस आखिरी अशरे (दस रोज) में शहर में अमन व हिफाजत की दुआओं के साथ लोग मस्जिदों और घरों में खास इबादत एतकाफ के लिए बैठ गए हैं। दुआओं का सिलसिला जारी है, वहीं जगह-जगह रोजा-इफ्तार का भी आयोजन हो रहा है। एतकाफ पर बैठे लोग अब आखिरी रोजे पर चांद देखने के बाद अपनी इबादत पूरी कर घर लौटेंगे।

**भिलाई।** इस्लामिक मामलों के जानकार व खुर्सीपार निवासी सैयद असलम ने बताया कि रमज़ान के आखिरी दस दिनो में 21वी शब (रात) से चांद देखने तक मस्जिदों में 'एतकाफ' शुरू होता है। हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि सल्लम वैसे पूरे रमजान में इबादत का बहुत ही ख़ास एहतेमाम फरमाया करते थे और शबे कद्र की तलाश में 'एतकाफ' फरमाया करते थे। शेखुल हदीस हजरत मौलाना जकरिया रहमतुल्लाह ने फजाईले रमजान मुबारक में 'एतकाफ' के बारे में 7 हदीस नकल करते हुए लिखा है कि 'एतकाफ' का असल मकसद अल्लाह को मनाना है। हाजी एमएच सिद्दीकी बताते हैं कि एतकाफ कहते हैं मस्जिद में नीयत करके ठहरने को। इमाम अबू हनीफा रहमतुल्लाह के नजदीक इसकी तीन किस्में हैं एक वाजिब, जो मन्नत वगैरह मानने पर किया जाता है जैसे कि मान लें मेरा फला काम हो जाएगा तो अल्लाह के घर इतने-इतने दिनों का'एतकाफ' करूंगा वो वाजिब कहलाता है। दूसरी सुन्नत है जो रमजान मुबारक के आखिरी अशरा में नबी करीम सल्लाहु अलैहिस्सलाम की आदत मुबारक थी कि 'एतकाफ' फरमाया करते थे और तीसरी नफल है।

दारूल कजा भिलाई के शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद सोहेल साहब ने 'एतकाफ' करने वालों को इस संबंध में उसके नियम कानून बताए कि सबसे अच्छी जगह मक्का मुकर्रम उसके बाद मस्जिद नबवी मदीना और तीसरा बैतुल मुक़द्दस और उसके बाद अपने शहर की जामा मस्जिद ओर फिर अपने मोहल्ले की मस्जिदों में बेहतर होता है। इमाम अबू हनीफा रहमतुल्लाह के नजदीक 'एतकाफ' के लिए जिस मस्जिद में पांच वक्त नमाज अदा किया जाएगा वो शर्त है मोतकिफ की मिसाल उस शख्स की है जो किसी के दर पर जा पड़े जब तक उसकी दरख्वास्त कबूल ना हो इसलिए जब कोई शख्स दुनिया से एक तरफ कर अल्लाह के दर पर पड़ जाता तो करीम जात बख़्शिश के बहाने ढूंढती है और माफ कर देती है।



### सोना, जागना, बैठना, खाना-पीना सब कुछ इबादत में शामिल

हाजी एम एच सिद्दीकी ने कहा कि 'एतकाफ' का बहुत सवाब है। 'एतकाफ' करने वाले का सोना, जागना, बैठना, खाना पीना सब इबादत में शामिल होता है। 'एतकाफ' का एक मकसद शबे कद्र की तलाश भी है। मोहल्ले वालों के तरफ़ से कोई एक व्यक्ति भी 'एतकाफ' पर बैठे तो सबकी तरफ से हो जाता है। मर्दों के लिए सबसे बेहतर जगह मस्जिद है औरतों के लिए उनका घर जहां वे नमाज़ अदा करतीं हैं। इस दौरान सभी के लिए अल्लाह से रहमत बरकत ओर अमन की द्धुआ करनी चाहिए ताकि दुनिया में अमन-चैन खुशहाली हासिल हो।

### शबे कद्र आज और अलविदा जुमा कल

माहे रमजान में खास इबादत की रात शबे कद्र 27 मार्च को है। इस रोज शहर की तमाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज में पढ़ा गया पवित्र कुरआन मुकम्मल होने पर दुआएं की जाएंगी। वहीं तरावीह पढ़ाने वाले हाफिजों, मस्जिद के इमामों और मुअज्निों सहित तमाम लोगों का इस्तकबाल किया जाएगा। वहीं लोग मस्जिदों में रात भर ठहर कर इबादतें करेंगे। घरों में भी लोग रात भर इबादत करेंगे। शबे कद्र को देखते हुए शहर की तमाम मस्जिदों में खास इंतजाम किए गए हैं। इसी तरह माहे रमजान का आखिरी जुमा 28 मार्च को होगा। जिसमें जुमे की नमाज में दोपहर में बड़ी तादाद में लोग मस्जिदों में जुटेंगे। इसे देखते हुए खास तैयारियां मस्जिद कमेटियों की ओर से की जा रही है।

### तमाम मस्जिदों में नमाजी बैठे हैं 'एतकाफ' पर

शहर की तमाम मस्जिदों में लोग 'एतकाफ' पर बैठे हैं। इनमें जामा मस्जिद सेक्टर-6 में कुल 18 इबादत गुजार दिन-रात इबादत में लगे हैं। इनमें ज्यादातर नौजवान हैं। इसी तरह मस्जिद हजरत बिलाल हुडको में 4, गौसिया मस्जिद कैंप-1 में 2, मस्जिद शेरे खुदा हाउसिंग बोर्ड में 1, मस्जिद अहले सुन्नत वल जमाअत रिसाली सेक्टर में 1 और रूआबांधा मदरसा में 1 नमाजी 'एतकाफ' पर बैठे हैं। शहर की अन्य मस्जिदों में भी लोग 'एतकाफ' पर बैठ कर इबादत कर रहे हैं।



## भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत को किया याद



**भिलाई।** कला साहित्य अकादमी भिलाई द्वारा गीत वितान कला केंद्र के सहयोग से भिलाई के कलाकारों ने शहीद-ए-आजम भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव को याद किया उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में भिलाई, दुर्ग के विभिन्न संस्थाओं के कलाकार और गीत वितान कला केंद्र के कला के शिक्षार्थी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद गीत वितान के मिथुन दास एवं रचना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के महत्व और आवश्यकता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मणिमय मुखर्जी, वीबी परगनिहा द्वारा शहीदों पर गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ साहित्यकार विजय वर्तमान ने बहुत ही सरल शब्दों में शहिदों के शौर्य, साहस, बलिदान पर अपनी बात रखी। इसी कड़ी में गुलाम हैदर ने बहुत ही रोचक ढंग से युवाओं को भगतसिंह को क्यों याद रखना जरूरी है पर अपनी बात रखी। गीत वितान की अस्मिता बैनर्जी, चित्रकला विभाग की विभा मधु, वाद्ययंत्र विभाग के डेनियल कोसरिया, गायन विभाग की जौली चक्रवर्ती, तरुण कुमार छोटे आदि ने शहीदों के विभिन्न कार्यों को याद किया। अनिता उपाध्याय ने नीलिमा त्रिपाठी के कविता का ओज पूर्ण पाठ किया। भगतसिंह की आखिरी चिट्ठी का पाठ सुचिता मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम में विभाष उपाध्याय, बबलू विश्वास, चंदा बैनर्जी, सौरभ चक्रवर्ती, प्रदीप भौमिक, दिनेश सिन्हा, संगीता आदि शामिल थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती रचना श्रीवास्तव ने किया।

सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कला साहित्य अकादमी भिलाई के अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती द्वारा किया गया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर सबने शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सिंधू भवन में झूलेलाल जयंती पर सामाजिक प्रतिभाओं का होगा सम्मान, बैठक में निर्णय

■ सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर-4 में कार्यकारिणी की हुई बैठक

**भिलाई।** सिंधू भवन में 30 मार्च को झूलेलाल जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर 4 की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सिंधी समाज के इष्ट देव साईं झूलेलाल ( वरुण देव) की जयंती 30 मार्च को सिंधू भवन में धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह 9:30 बजे सेक्टर 4 चौक में ठंडा शरबत व प्रसाद वितरण किया जायेगा। शाम को 7 बजे से झूलेलाल की आरती प्रारंभ होगी। शाम 7 :30 बजे से ख्याति प्राप्त म्यूजिकल पार्टी द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम है। कार्यक्रम की विशेषता पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों, ऐसे छात्र, व्यक्ति, महिला का भी सम्मान किया जायेगा, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में खेलकूद में समाज का नाम रोशन किया है। समाज के सदस्यों के लिए रात्रि भोज व ठंडाई की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीडी जसवानी, कार्यक्रम की अध्यक्षता एसी छबलानी, अतिथि केडी वाधवानी व सुरेश रत्नानी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यक्रम के प्रभारी राकेश नागदेव व संजय होतवानी, शरबत वितरण के लिए विशेष टीम में नरेश माखिजानी, हरीश आर्य, गुलशन माधवानी, जीआर भाटिया, संतोष मेहरचंदानी, भोजन व्यवस्था राजकुमार खटवानी, ठाकुर साधवानी, मनोहर मलकानी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुरेश नागदेव, रमेश लालवानी, कीर्ति आर्य, मंजू हेमराजनी नियुक्त किए गए हैं।

ग्राम कुथरेल और धनोरा में आयोजित कर्मा जयंती में शामिल हुए पूर्व मंत्री

# हम सब को माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : ताम्रध्वज

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती ग्राम कुथरेल और ग्राम धनोरा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही ग्रामीण साहू समाज द्वारा व्यपाक्र रूप से तैयारी की गई, जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा पूरे ग्राम में गाजे बाजे के बड़े ही उत्साह पूर्वक निकाली गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत सभी अथितियों के द्वारा माँ कर्मा की आरती की गई। इसके बाद स्वागत सत्कार किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि आप सभी को कर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए हमें व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने चाहिए। शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। सामाजिक सुधार आंदोलनों का समर्थन करना चाहिए। समाज के पूर्व अध्यक्षों से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने में प्रयास करना चाहिए। साहू ने कहा कि हम सब को माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। जिस प्रकार त्याग को अपनाया, उसी प्रकार समाज के तत्वाधान में हमें भी मां कर्मा माता की तरह आने वाली प्रत्येक त्याग को अपनाकर आगे बढ़ना है। समाज के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की बात कही।समाज के पदाधिकारी रहने पर उन्हें पद का दुरुपयोग और अहम में ना रहे आप जितने ज्यादा झुकेंगे। उतनी ज्यादा लोगों को जोड़ेंगे संगठन का मतलब है जोड़ना।



### कार्यक्रम में सामाजिक प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

इस कार्यक्रम मुख्य रूप से पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, डॉ. भारती साहू प्रदेश महिला संयोजिका, टीकाराम साहू संयोजक जिला न्याय समिति साहू संघ, लक्ष्मी साहू संयोजिका, छन्नूलाल साहू, धनेश साहू, बीपी साहू, गीता गजपाल, हरिश्चंद्र साहू, जितेन्द्र साहू सहित अन्य मौजूद थे। आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक प्रतिनिधियों और अतिथियों को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### कर्मा विद्यालय में कर्मा जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

श्रीकृष्ण कर्मा मंदिर सुपेला भिलाई में कर्मा विद्यालय भिलाई द्वारा 1009 वीं कर्मा जयंती विधिवत पूजा अर्चना कर महाप्रसाद दीप जलाकर मनाया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमोल दास साहू, खेद राम साहू, धनसाय साहू, आर लखेन्द्र साहू, हरख राम साहू, फुलचंद साहू, अरूण साहू, ढाल सिंह, उन्मेश साहू, भरत साहू, थंगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे। टीआर साहू ने विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। भक्त कर्मा माता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



## एजुकेशन इवेंट

# सामाजिक चुनौतियों के लिए विद्यार्थियों को कर रहे तैयार







**भिलाई।** महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 6 भिलाई में 24 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग, रवि आर्य, कमलेश आर्य और प्रवीण गुप्ता उपस्थित रहे। कक्षा में अद्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दिविशा, अर्शदीप, आराध्या, हर्ष, रेहान, पल्लव, सान्निध्य, विनीत, नित्या, श्रेयांश, सोनाक्षी, शिवांगी, नीतिका, पीहू, कियांश, लक्ष्य, हर्षिता, काव्या, दिव्यंका, यश, समीर, वनीत,ओजस, सुप्रिया, आयुषी ,प्रियंका, लव्य, अर्णव आदि विद्यार्थियों को पदाधिकारियों ने पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य शीला फड़ ने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि हम विद्यार्थियों को सामाजिक चुनौतियों के लिए तैयार कर रहे हैं। छात्रों का जीवन निर्माण और कौशल प्रशिक्षण विषय शिक्षक के साथ साथ चल रहा है। इस अवसर पर अवनी भूषण पुरंग ने कहा कि हमारे लिए शिक्षा संस्कार का साधन है। हम शिक्षा को व्यापार नहीं समझते। सामाजिक सांस्कृतिक विषयों के साथ जोड़कर राष्ट्र निर्माण करना हमारा ध्येय है। विद्यालय की प्राचार्य शीला फंड अंजू ठाकुर तथा शिक्षिकाएं, सीमा कठाले, राजी, मनीषा शुभ्रा सुमन, रितुपर्णा, शशि शर्मा, के वेणी, लीना, अर्चना, दिशा यादव उपस्थित रहे।

- हमारे लिए शिक्षा संस्कार का सशक्त माध्यम है: अवनी भूषण

## धर्म इवेंट

# 21 कुंडीय हवन कर हुआ बाबा बालकनाथ के 61वें महायज्ञ और भंडारे का समापन



**भिलाई।** खुर्सीपार भिलाई में चल रहे 61वें महायज्ञ एवं भंडारा के अंतिम दिन में 21 कुंडीय हवन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी भक्तों के लिए विशेष हवन कुंड बनाए गए थे। मंत्रोच्चार के द्वारा पूरे विधि विधान से हवन किया गया। इसके साथ ही औपचारिक रूप से इस महायज्ञ के आयोजन का समापन हो गया। पूर्णाहुति के पश्चात चंडीगढ़ से आए भजन गायक विजय रतन शर्मा ने भजनो से सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सभी भक्त उनके भजनों में मगन होकर झूमते रहे। जो कि देर रात्रि तक चला। भजन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का प्रबंध किया गया था। अंतिम दिन इस आयोजन के लिए बाबा का विशेष श्रृंगार भी किया गया था। इस चार दिवसीय महोत्सव में पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था। मंदिर कमेटी ने पूरी कोशिश की थी कि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई भी तकलीफ न होने पाए। सैंकड़ों सेवादार इस आयोजन की तैयारी में पिछले कई दिनों से मेहनत कर रहे थे। कार्यक्रम के समापन के पश्चात मंदिर कमेटी ने सभी सहयोगी को धन्यवाद दिया। इस आयोजन के प्रमुख सेवादारों में त्रिलोक सिंग, कांतिलाल शर्मा, विपिन ओझा, अनिल अग्रवाल, पतराम अग्रवाल, संजय ओझा, आशीष खंडेलवाल, परमजीत सोढ़ी, नानक छतीजा, पवन जैन, सुबीर खंडेलवाल, आशीष जैन, सुनील अग्रवाल, रिंका भसीन शामिल थे।

- भजन गायक विजय रतन के भजनों में झूमते रहे भक्त



# पानी बचाओ जन-जागरुकता रैली निकाली



**भिलाई।** वर्तमान भीषण गर्मी के समय में पानी के विकराल समस्या को देखते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार तथा घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा के कमान अधिकारी कर्नल अमन सिंह के मार्गदर्शन में विश्व जल दिवस के अवसर पर यूनिट के एनसीसी कैडेटों द्वारा जल ही जीवन है एवं 'जल है तो कल है की थीम पर जागरुकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत अंजोरा में पानी बचाने तथा पानी का जीवन में महत्व एवं इनको व्यर्थ बहने से रोकने हेतु यह जन-जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न मोहल्ले के आम नागरिकों को विभिन्न पोस्टर, नारा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों पानी को सहेजने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी पंकज पटेल, जीसीआई रजनी वैष्णव, हवलदार महेश कुमार मीणा, नायक विकास पाटिल उपस्थित थे।

## सरयूपारीण ब्राम्हण समाज द्वारा होली मिलन का आयोजन

# राधा-कृष्ण की आकर्षक प्रस्तुतियों से झूम उठे लोग, शिव तांडव स्त्रोत, वाद्य यंत्र और फाग गीत ने बाधां समां, खेली फूलों की होली

**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज द्वारा होली मिलन के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत बच्चों द्वारा शिव तांडव स्त्रोत की प्रस्तुति से की गई। समाज की महिलाओं व बच्चियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बाधा जिससे पूरा वातावरण रंगीन दिखाई दिया। सरयूपारीण ब्राम्हण समाज द्वारा समाज के ब्रह्म प्रकाश भवन में समाज द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें समाज के सदस्यों ने फूलों की होली खेली और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। समाज की महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने भी काफी संख्या में पहुंच कर होली खेली और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

*होली के त्यौहार के सप्ताहभर बाद भी विभिन्न समाजों, संगठनों, संस्थाओं व क्लब द्वारा रंगीला और मस्ती भरा होली का पर्व उतने की हर्षोल्लस के साथ सेलिब्रेट किया जा रहा है जितना कि होली के दिन किया गया था। नगाड़ों की थाप पर फाग गीतों व वृंदावन की होली की तर्ज पर ब्राम्हण समाज की महिलाओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या में समाज के सदस्याएं उपस्थित थीं।*




### कार्यक्रम में रहे शामिल, बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में दिनेश मिश्र, कैलाश पाठक, संजय मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, अन्नू पांडे, लालिमा तिवारी, रुखमणी मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, किरण दुबे, पूनम उपाध्याय, किरण दुबे, रीता शर्मा, प्रीति चौबे, कुसुम मिश्रा, राहुल दुबे, एकता मिश्र, प्रदीप चंद्र पांडे, सुनील मिश्र, अंजू तिवारी, ममता मिश्र, मनीष पांडेय, स्लैश शुक्ला, दीपक मिश्र, राजेंद्र दुबे, राधा कृष्ण पांडे, समिता तिवारी, आदित्य पांडे, दीपिका तिवारी, राजेश मिश्रा, भास्कर प्रसाद तिवारी, मोनिका शुक्ला, सलोनी पांडे, मीना पांडे, राधा तिवारी, वैशाली तिवारी, ऊषा मिश्र , स्मिता शर्मा, ऊषा चतुर्वेदी, सुधा तिवारी, मीना त्रिपाठी, रीना दुबे, प्रवीण तिवारी, राजमणि मिश्र, आदित्य मिश्रा, बृजमोहन उपाध्याय, वीरेंद्रनाथ पांडे, वेदांत शर्मा, ईश्वर उपाध्याय सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



### वृंदावन और ब्रज की तर्ज पर खेली होली

महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे की टीम ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर होली खेली जिससे पूरा कार्यक्रम स्थल होली की मस्ती में सराबोर नजर आया। इस दौरान सुनील मिश्रा और चंद्रशेखर पांडे ने फाग गीत की प्रस्तुति देकर फाग उत्सव का बखान किया। समाज की महिला मंडली ने भजन कीर्तन के माध्यम से वृंदावन और ब्रज की होली खेल रहे राधा-कृष्ण का आर्शीवाद लिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा ने भी गीत और नृत्य प्रस्तुत किया और बच्चों ने शिव तांडव स्त्रोत की प्रस्तुति दी, गीत संगीत के साथ वाद्य यंत्रों से संगीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्र, महासचिव रामलखन मिश्र ने समाज के सदस्यों को होली मिलन समारोह पर बधाई देते हुए समाज के सदस्यों से संगठित होकर कार्य करने की बात कही और शानदार कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान जमकर फूलों की होली खेली गई और रंग-गुलाल लगाकर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम संचालन महासचिव रामलखन मिश्रा ने किया।

## अग्निवीर सेवा में लेंगे प्रशिक्षण

# तीन चरणों को पार कर अग्निवीर सेवा में एनसीसी यूनिट के 7 विद्यार्थियों का चयन















**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें साइंस कॉलेज, दुर्ग के 37 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन के 7 होनहार विद्यार्थियों ने भारतीय सेना की अग्निवीर सेवा 2024-25 में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को तीन चरणों से गुजरना पड़ा। पहला चरण लिखित परीक्षा का था, जिसके बाद शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन किया गया। अंतिम चरण में मेडिकल टेस्ट हुआ, जिसमें स्वास्थ्य और फिटनेस का निरीक्षण किया गया। इन तीनों चरणों को सफलतापूर्वक पार करने के बाद विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी ई. पवन, गिरधर कुमार सिन्हा, कुंजन कुमार, आशीष साहू, मुकेश कुमार, राहुल इसदा, भेलसिंह ये सभी 7 चयनित विद्यार्थी महाविद्यालय के 37 सीजी एनसीसी बटालियन के कैडेट हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने चयनित एनसीसी विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, ये विद्यार्थी न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। इनकी मेहनत और समर्पण ने यह सफल दिलाई है। महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक एवं कर्मचारियों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे और एनसीसी यूनिट के प्रशिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और दृढ़ता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी और उन्हें राष्ट्रीय सेवा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस सफलता से महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। यह सफलता महाविद्यालय और क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पल है, जो भविष्य में और अधिक युवा प्रतिभाओं को सेना में सेवा देने के लिए प्रेरित करेगी।

## होली महोत्सव का आयोजन

# गौड़ ब्राह्मण समाज ने एकता के सूत्र में बंधने दिया जोर



**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के महिला-पुरुष और युवाओं के बीच फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं सदस्यों के द्वारा अपने आराध्य देव भगवान परशुराम और राधाकृष्ण की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में गणेश वंदना से प्रारंभ करते हुए हनुमानजी, शंकर, भगवान राम और खाटू श्याम के सुंदर मधुर गीत गाये गए। समाज के मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि भजन में छत्तीसगढ़ी फाग गीत राजस्थानी फाल्गुन गीत की सुंदर मधुर प्रस्तुति दी गयी, जिसमें फूलों की होली खेली गई अलग अलग फूल की खुशबू से पूरा कार्यक्रम स्थल महक उठा सभी उपस्थित सामाजिक गण झूम उठे। कार्यक्रम में समाज के सदस्य वर्तमान नगर निगम, पंचायत सरपंच जनपद नगर पालिका एवं अन्य चुनाव में विजयी हुए प्रत्याशी का सम्मान किया गया। इस दौरान सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया सभी ने समाज को एक मोती की माला में बांधे रहने की बात कही। अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रचनात्मक रहते हुए अपने समाज के जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना चाहिए,उन्होंने ब्राह्मणों से सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा करते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने का आग्रह किया। इस दौरान संरक्षक अशोक पंचोली, कमलेश शर्मा, महेश वशिष्ठ,कैलाश शर्मा, संतोष शर्मा, डॉ तेजप्रकाश शर्मा, डॉ राघवेन्द्र, सुरेंद्र, भूपेंद्र शर्मा, सुमित शर्मा, मुकेश वशिष्ठ, चंदन शर्मा, कौशल किशोर शर्मा, संजय शर्मा, अमितेश पुरोहित, बृजेश शर्मा, राजेश शर्मा, सुनील शर्मा, कमल शर्मा, रत्नेश शर्मा, विनय सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित थे।

**आराध्य देव भगवान परशुराम व राधाकृष्ण की पूजा अर्चना की गई**

## 13 अप्रैल को होगा आयोजन, जोर-शोर से चल रही तैयारी

कार्नर न्यूज

# 15 वें स्थापना दिवस पर छग की 5 विभूतियों को स्वयंसिद्धा सम्मान लाइट एंड साउंड शो में 51 महिलाएं एक मंच पर देंगी प्रस्तुति

**भिलाई।** विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा ग्रुप स्वयंसिद्धा 13 अप्रैल को अपना 15वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है।ऑफिसर एसोसिएशन और स्वयंसिद्धा का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वयंसिद्धा सम्मान पूरे छत्तीसगढ़ से कला, साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा और देश प्रेमी को दिया जायेगा। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण भिलाई के इतिहास और विकास पर महिलाओं की भूमिका पर आधारित लाइट एंड साउंड शो रहेगा। स्थापना दिवस के इस आयोजन में सभी क्षेत्रों के विशिष्ट व गणमान्य जन शामिल होंगे। स्वयंसिद्धा के 15वें स्थापना दिवस के लिए वर्ष 2025 की कार्यकारी समिति का गठन किया गया। इस दौरान स्थापना दिवस की तैयारियों की शुरुआत भी की गई। समूह की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि 13 अप्रैल को हमारा 15वां स्थापना दिवस है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से छत्तीसगढ़ की पांच महिला विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजन में लाइट एंड साउंड शो की प्रस्तुति दी जाएगी।



### चयन समिति का हुआ गठन

सोनाली ने आयोजन के संबंध में बताया कि इस वर्ष से हम एक नया अभियान शुरू कर रहे हैं जिसमें अब बेटी के नाम से जानी जाएगी मां। संस्था की पांच बेटियों ने अपनी माता के नाम से सम्मान घोषित किया है। सम्मानित होने वाली विभूतियों के चुनाव के लिए चयन समिति का गठन किया गया है जिसमे साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, शिक्षाविद डॉ.रजनी नेल्सन एवं बीएसपी के पूर्व महाप्रबंधक संदीप चक्रवर्ती शामिल है। नए सदस्यों का स्वागत किया गया। 90 वर्ष की जानकी देवी का स्वयंसिद्धा प्रवेश के पश्चात अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमारी कनोजे एवं धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मी साहू ने किया।



### रोज हो रही प्रेक्टिस

लघु भारत कहे जाने वाले भिलाई के इतिहास एवं भिलाई के विकास में महिलाओं की भूमिका और भिलाई इस्पात संयंत्र की पहली महिला अधिकारियों व कर्मचारियों के योगदान पर डॉ सोनाली चक्रवर्ती दवरा लिखित व निर्देशित लाइट एंड साउंड शो की प्रस्तुति दी जायेगी। जो लोगो के आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिसमें समूह की 51 महिलाएं एक साथ एक मंच पर प्रस्तुति देंगी। आयोजन के लिए सभी सदस्याएं डेली प्रेक्टिस कर रही है। 23 मार्च से 1 अप्रैल तक 10 दिवसीय अभिनय कार्यशाला भी आयोजित की गई है। इसमें किसी भी उम्र की महिला प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर विजेता निर्देशक बलाल को सेना ने किया रिहा, हमले के बाद हुए थे अरेस्ट



ऑस्कर विजेता डाक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के निर्देशक हमदान बलाल मंगलवार को रिहा कर दिया गया। उन्हें सोमवार को वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों के द्वारा किए गए हमले के बाद सेना ने हिरासत में लिया था।

ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्देशक हमदान बल्लाल को मंगलवार 25 मार्च को रिहा कर दिया गया। उन्हें वेस्ट बैंक में यहूदी निवासियों द्वारा हमला किए जाने के बाद सेना ने हिरासत में लिया था। इस मामले पर निर्देशक की पत्नी का कहना है कि हमले के दौरान निर्देशक के साथ मारपीट की गई थी और वीडियो बनाया गया।

निर्देशक हमदान बल्लाल और उनके साथ हिरासत में लिए गए दो अन्य फलस्तीनीयों को मंगलवार दोपहर वेस्ट बैंक की बस्ती किरयात अरबा के एक पुलिस स्टेशन से रिहा कर दिया गया। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों के अनुसार, बल्लाल के चेहरे पर चोट के निशान थे और उनके कपड़ों पर खून लगा था। रिहा होने के बाद तीनों को पड़ोसी फलस्तीनी शहर हेब्रोन के एक अस्पताल में ले जाया गया। उनके वकील, ली त्समेल ने कहा कि उन्होंने रात सैन्य अड्डे के फर्श पर बिताई, जबकि हमले में आई उनकी चोटों की काफी कम देखभाल की गई।

उन्होंने पहले कहा था कि उन पर एक युवा निवासी पर पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया था, आरोपों से वे इनकार करते हैं। इस घटना को लेकर फलस्तीनी निवासियों का कहना है कि लगभग दो दर्जन यहूदियों ने ने सोमवार शाम को वेस्ट बैंक के सुसिया गांव पर हमला किया। मौके पर पहुंचे सैनिकों ने फलिस्तीनियों पर अपनी बंदूकें तान दीं, जबकि निवासी पत्थर फेंकते रहे। इजरायली सेना ने सोमवार को कहा कि उन्होंने उनपर पत्थर फेंकने के संदेह में तीन फलस्तीनियों और एक इजरायली नागरिक को हिरासत में लिया है।

### टॉलीवुड

## नौजवान तमिल अभिनेता मनोज नहीं रहे, हार्ट अटैक ने ले ली जान



तमिल सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर भारतीराजा के बेटे और अभिनेता मनोज के भारतीराजा का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है। मनोज की उम्र 48 साल थी। नदिगर संगम (अभिनेताओं की एसोसिएशन) ने अपनी 'एक्स' पोस्ट में इस दुखद खबर की पुष्टि करते हुए लिखा, ₹डायरेक्टर भारतीराजा के बेटे मनोज के भारतीराजा का हार्ट अटैक से निधन हो गया।₹

मनोज ने अपने पिता भारतीराजा के निर्देशन में बनी फिल्म 'ताजमहल' से तमिल सिनेमा में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने 'ईरानिलम' और 'वरुशामेलम वसंतम' जैसी फिल्मों में मुख्य किरदार निभाए। हाल के वर्षों में वह तमिल फिल्मों में सहायक भूमिकाएं कर रहे थे।

मनोज के निधन से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। अभिनेत्री खुशबू सुंदर और निर्देशक वेंकट प्रभु ने उनके निधन पर दुख जताया है। खुशबू सुंदर ने लिखा, ₹यह सुनकर बहुत सदमा लगा कि मनोज अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी अचानक मौत से बहुत दुख हुआ। वह सिर्फ 48 साल के थे। भगवान उनके पिता भारतीराजा और उनके परिवार को इस दुख को सहने की ताकत दे। मनोज, आपकी कमी खलेगी। ओम शांति।₹

### भोजपुरी

## बिहार में 75 फीसदी शूटिंग करने पर मिलेंगे 4 करोड़ रुपये



बिहार की फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत राज्य में बॉलीवुड और वेब सीरीज की शूटिंग बढ़ी है। नीतीश सरकार फिल्म निर्माताओं को 4 करोड़ रुपये तक का अनुदान दे रही है जिससे बड़ी फिल्मों और सीरीज की शूटिंग बिहार में हो रही है। नीतीश सरकार की पहल से बिहार भी अब फिल्म मेकिंग का हब बनने जा रहा है। राज्य अपने ऐतिहासिक जगहों और गांव की खूबसूरती से लेकर गंगा के किनारे बसे शहरों की वजह से देश और विदेश के फिल्ममेकर्स के लिए एक अच्छी शूटिंग लोकेशन बन गया है। बिहार, जो कभी अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता था। अब बॉलीवुड और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए नया हॉटस्पॉट बन रहा है। 'फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024', फिल्म सिटी, अनुदान योजना और शूटिंग परमिशन ने फिल्ममेकर्स को बिहार की तरफ खींच रहा है।।

19 जुलाई 2024 को इस नीति को लागू करके इसके आगे की जिम्मेदारी बिहार फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड को सौंपी गई थी। नीति लागू होने के बाद से अब तक लगभग 11 फिल्मों को शूटिंग की इजाजत, दूसरी सुविधाएं और पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। इसमें एक वेब सिरीज और एक डॉक्युमेंट्री फिल्म भी शामिल है, जिसमें से कई फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। ये फिल्में हिंदी, भोजपुरी, मैथिली तथा एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म अंग्रेजी में है। गजनी, सिकंदर, दरबार जैसी अन्य कई सुपरहिट फिल्मों के निर्देशक एआर मुरुगादॉस की अपकमिंग फिल्म 'मद्रासी' की शूटिंग अभी बिहार में चल रही है। इसी तरह 'ओह माय गॉड 2' के निर्देशक अमित राय की आगामी फिल्म 'ओह माय डॉग' की शूटिंग भी अभी बिहार के कई जगहों पर चल रही है, जिसमें पंकज त्रिपाठी लीड रोल में हैं। इसके अलावा, फिल्ममेकर सागर श्रीवास्तव की एक बड़ी फिल्म की शूटिंग के लिए वाल्मीकि नगर में बड़ा सेट बनाया जा रहा है।




एक बार फिर से सदाबहार पसंदीदा डिजाइन बाजार की रौनक बन गई हैं। 2025 के ट्रेंड में स्ट्राइप्स और एनिमल प्रिंट जैसे क्लासिक मोटिफ भी साल के व्यापक थीम के रूप में काम कर रहे हैं। एक्सेसरी कैटेगरी में, जंबो-साइज़्ड हैंडबैग बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, जो फैशन को उसकी ज़्यादा कार्यात्मक जड़ों पर वापस लाएंगे। आने वाले कलर ट्रेंड भी सदाबहार और लोगों के पसंदीदा हैं। शानदार मोचा ब्राउन सभी श्रेणियों में समृद्धि लाएगा, जिससे सबसे कमतर डिज़ाइन भी आलीशान लगेंगे।

## फैशन के नीचे गर्मियों में घर से निकलने से पहले टैनिंग से बचने उठाएं ये उपाय

यदि आप भी गर्मियों में घर से बाहर निकलने से पहले टैनिंग होने से डरती हैं तो आज हम आपको दो ऐसी चीजों के नाम बताने जा रहे हैं। जिनको आप घर से बाहर जाने से पहले अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आप अपने फेस को टेन होने से बचा सकती हैं।

हम तरह-तरह के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीदते हैं। ताकि स्किन को प्रोटेक्ट किया जा सके। वहीं हर कोई मार्केट में मिलने वाले इन कीमती प्रोडक्ट्स को नहीं खरीद सकता है। ऐसे में कुछ लोग घरेलू उपाय अपनाते हैं, जो कि असरकारी होते हैं और साथ ही हमें इनके लिए ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता है। अधिकतर लोग तो मार्केट के इन कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के बजाय होममेड चीजों को ही इस्तेमाल करते हैं।

यदि आप भी घरेलू विधियों से अपना स्किन केयर करती हैं तो आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी के द्वारा बताई गई



दो चीजों के नाम बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप गर्मियों में टैनिंग की समस्या से बच सकती हैं। इन्हें आप घर से बाहर निकलने से पहले अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। आइये जानें इन दो चीजों के नाम जिससे आपकी स्किन ग्लोइंग होने के साथ कूल भी रहेगी।

**पपीता जेल :** पपीता जेल फेस के लिए काफी अच्छी होती है। इसको आप यदि रोजाना चेहरे पर लगाती हैं तो यह आपकी त्वचा ग्लोइंग बनाने के साथ आपके फेस के दाग-धब्बे भी हटाने में मदद करती है। इसके साथ ही आप इसके इस्तेमाल सेटैनिंग की समस्या से भी बच सकती हैं। इसके लिए आपको पपीता जेल को लेकर उसमें थोड़ा गुलाब जल की बूंदें डालकर फेस पर अप्लाई करना है और उसके बाद घर से बाहर निकलना है।

**टी-ट्री ऑयल :** यदि आप गर्मियों में फेस को टैन होने से प्रोटेक्ट करना चाहती हैं तो जब भी घर से बाहर निकलें तो हथेली और कुछ बूंदें टी-ट्री ऑयल की लेकर उसमें भी गुलाब जल या एलोवेरा जेल मिक्स करके अच्छे से मसाज करते हुए लगाएं। फिर अपने चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं और उसके बाद घर से बाहर जाएं। आप चाहे तो इसे अपने हाथ-पैरों पर भी लगा सकती हैं।

इसमें मौजूद एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पिंपल्स आदि की समस्या से भी बचाव करते हैं।

## समर सीजन में स्टाइलिश लुक के लिए वार्डरोब में शामिल करें इन्हें



गर्मियों के मौसम में महिलाएं कंफर्टेबल रहने के लिए कुछ न्यू डिजाइन वाले आउटफिट की तलाश में रहती हैं। साथ ही, वो ये भी चाहती हैं कि वो जिस भी तरह का आउटफिट वियर करें उसमें वो स्टाइलिश नजर आए। वैसे तो आपको इस सीजन में पहनने के लिए कई तरह के आउटफिट के ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप न्यू लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप ये बोहो ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स कूल साथ ही, स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### कॉटन बोहो ड्रेस

समर सीजन में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की बोहो ड्रेस स्टाइल करें। यह ड्रेस कॉटन फैब्रिक में है साथ ही, ये लॉन्ग और बेहद ही खूबसूरत डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को ऑफिस या किसी फैमिली पार्टी में शामिल होने के दौरान भी वियर कर सकती हैंइस ड्रेस के साथ आप स्टाइलिश फ्लैट्स साथ ही, इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

### फ्लोरल बोहो ड्रेस

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह की फ्लोरल बोहो ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस तरह की ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए भी बेस्ट है। इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा। इस ड्रेस को आप कहीं पार्टी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं और यह ड्रेस को आपको 800 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फ्लैट्स साथ ही लॉन्ग सिंपल इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं। समर सीजन में कूल लुक के लिए आप इस तरह की ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।

## ऑयली हेयर की समस्या को कम करने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो

बाल खूबसूरत और सिल्की नजर आए इसके महिलाएं बहुत कुछ करती हैं। इसमें एक्सपर्ट के सुझाए गए कई सारे हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना तो वहीं, घरेलू नुस्खों का उपाय भी शामिल है। लेकिन, कई बार ऐसा होता है इन सभी चीजों का इस्तेमाल करने के बाद बालों से जुड़ी समस्या बनी रहती हैं और इसकी वजह ऑयली हेयर हो सकते हैं। वहीं अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं तो आप इन टिप्स को फॉलो कर सकती हैं साथ ही, इन टिप्स को आप अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

### बालों को न करें रोजाना वॉश

ऑयली हेयर से छुटकारा पाने के लिए कई महिलाएं बालों को बार-बार वॉश करती हैं लेकिन, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, बालों को रोजाना वॉश करने से स्कैल्प से अधिक मात्रा में तेल उत्पन्न होता है और इस वजह से बालों से जुड़ी समस्या बढ़ सकती हैं। बालों को आप हफ्ते में 2 से 3 बार धोएं और इन्हें धोने के लिए हल्के गुनगुने का पानी का इस्तेमाल करें।



स्कैल्प पर न करें कंडीशनर का इस्तेमाल

ऑयली बालों की समस्या को कम करने के लिए सही शैंपू साथ ही, कंडीशनर का इस्तेमाल करें। दरअसल, स्कैल्प पर बालों के लिए होता है इसके लिए कंडीशनर का इस्तेमाल आप स्कैल्प न करें. कंडीशनर पर बालों के एंड्स पर लगाएं।

### बालों को इस तरह सुखाएं

बालों को धोने के बाद अगर आप इन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल न करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से भी ऑयल प्रोडक्शन ज्यादा हो सकता है और इस वजह से बालों को नुकसान हो सकती हैं। बालों को नैचुरली हवा में ही सुखाएं।

## गलत फुटवियर की वजह से एड़ियों की कोमलता हो गई है गायब, तो ये फुट केयर

फुटवियर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करता है। लेकिन, गलत फुटवियर का चुनाव करने से जहां आपके पैरो में दर्द की समस्या होती हैं तो वहीं इसकी वजह से एड़ियों की कोमलता भी गायब हो जाती है। दरअसल, गलत फुटवियर पहनने की वजह से आपकी एडियां सख्त और ड्राई हो जाती हैं और इसकी वजह से कई बार आपको शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है।

### पैरों को करें इस तरह साफ

फुटवियर की वजह से पैरों की गायब हुई कोमलता को वापस पाने के लिए पैरों की सफाई करना जरूरी है। पैरों को सही तरह से सफाई करने के लिए जहां पैरों की साफ होंगे तो वहीं ड्राइनेस की समस्या भी कम होगी।

### इस तरह करें पैरों को साफ

एक टब या बाल्टी लें और इसमें गुनगुन पानी डालें। इसमें शैम्पू डालें और इसके बाद इसमें पैरों को



भिगो लें। इसके बाद इन्हें अच्छी तरह से सुखाएं और उन्हें मॉइश्चराइजर करें।

### सोने से पहले करें ये काम

पैरों को कोमल बनाए रखने के लिए आप इन्हें सोने के पहले मॉइश्चराइजर करें। मॉइस्चराइजर करने के लिए आप बेस्ट मॉइश्चराइजर का चुनाव करें। इसी के साथ आप नारियल/ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### एक गलती बिगाड़ सकती है आपका पूरा लुक, रहें सावधान

## चाहिए 'मिस्टर हैंडसम' का टाइटल तो कपड़े पहनते समय ध्यान रखें इन बातों का, मिलेगी भरपूर तारीफ

शायद ही कोई ऐसा लड़का होगा, जो तैयार होते वक्त ये न सोचे कि आज तो उसे सब देखते रह जाएंगे और हर कोई उसकी तारीफ करेगा। लेकिन इसके बावजूद बहुत से लड़के तैयार होते वक्त कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, कि उनका लुक बिगड़ जाता है। इसलिए लड़कियां अक्सर कह देती हैं कि लड़कों को फैशन सेंस नहीं होता। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें अपनी तारीफ कराना पसंद है तो आपको तैयार होते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। हैंडसम दिखने के लिए ये जरूरी नहीं है कि आप हमेशा महंगे और ब्रांडेड कपड़े ही पहनें। आप सस्ते कपड़ों में कुछ बातों का ध्यान रखकर हैंडसम दिख सकते हैं।



### फिटिंग हो सही

भले ही आज-कल कितना भी लूज फिटिंग के कपड़े पहनने का ट्रेंड है, लेकिन अगर आप मिस्टर हैंडसम का टाइटल जीतना चाहते हैं तो हमेशा सही फिटिंग के कपड़े ही पहनें। सही फिटिंग के कपड़े आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बस ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग ज्यादा टाइट भी न हो।

### साफ हों कपड़े

आपके कपड़े भले ही महंगे ब्रांड के न हों,



लेकिन ये अच्छी तरह से साफ होने चाहिए। महंगे कपड़े भी अगर थोड़े से भी गंदे होंगे तो उनकी वैल्यू कम हो जाती है। इसलिए हमेशा अपने कपड़ों को अच्छी तरह से साफ करके ही इस्तेमाल करें।

### सही से प्रेस हों

कभी भी ऐसे कपड़े न पहनें, जो पूरी तरह से गुजले हुए हों। गुजले हुए कपड़े आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। हमेशा ऐसे कपड़े पहनें, जिसे आपने सही से प्रेस किया हो। गर्मियों में जो सूती कपड़े पहने जाते हैं, उन्हें हल्का सा पानी डालकर प्रेस करें, ताकि उनमें देर से सिलवटें पड़े।

### कपड़ों के हिसाब से हों जूते

फुटवियर का चयन हमेशा कपड़ों के हिसाब से ही करना चाहिए। कई बार लड़के कुर्ता पायजामा के साथ स्पोर्ट्स शूज पहनते है, जिसकी वजह से उनका एथनिक लुक खराब हो जाता है।